भारतीय रिज़र्व बैंक

बुलेटिन

जनवरी 2018

खंड 72 अंक 1

संपादन समिति
जनक राज
गौतम चैटर्जी
राजीव रंजन

संपादक
सुनील कुमार

भारतीय रिज़र्व बैंक बुलेटिन संपादन समिति के निर्देशन में आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग द्वारा मासिक आधार पर प्रकाशित किया जाता है। इसमें व्यक्त व्याख्याओं और विचारों के लिए बैंक का केंद्रीय निदेशक मंडळ उत्तरदायी नहीं है। हस्ताक्षरित लेख में व्यक्त विचारों के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है।

© भारतीय रिज़र्व बैंक 2018

सर्वाधिकार सुरक्षित।
सामग्री के पुन: प्रयोग की अनुमति है,
बशर्ते कि स्रोत का उल्लेख किया जाए।

बुलेटिन के सदस्यता शुल्क के लिए कृपया "भारतीय रिज़र्व बैंक के हाल के महत्त्वपूर्ण प्रकाशन" खंड देखें।

भारतीय रिज़र्व बैंक बुलेटिन को इंटरनेट के माध्यम से **http://www.bulletin.rbi.org.in** पर भी देखा जा सकता है।

विषयवस्तु

भाषण

वित्तीय प्रणाली और समष्टि अर्थव्यवस्था पर
कैफराल सम्मेलन: उदघाटन वक्तव्य
उर्जित आर पटेल 1

विनियमन और वित्तीय
स्थिरता
एन. एस. विश्वनाथन 5

लेख

भारत में किफ़ायती आवासन 13

वर्तमान सांख्यिकी **27**

हाल के प्रकाशन **70**

अनुपूरक

भारत में बैंकिंग की प्रवृत्ति एवं प्रगति रिपोर्ट 2016-17 और
वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट, दिसंबर 2017

भाषण

वित्तीय प्रणाली और समष्टि अर्थव्यवस्था पर
कैफराल सम्मेलन: उदघाटन वक्तव्य
उर्जित आर पटेल

विनियमन और वित्तीय स्थिरता
एन. एस. विश्वनाथन

*वित्तीय प्रणाली और समष्टि अर्थव्यवस्था पर कैफराल सम्मेलन: उद्घाटन वक्तव्य**

उर्जित आर पटेल

1. आज सुबह आप के बीच आकर मुझे इस बात की अतीव प्रसन्नता हो रही है कि मैं अपने अवलोकनों और विचारों से आपको अवगत करा सकूंगा। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की थीम - "वित्तीय प्रणाली और समष्टि अर्थव्यवस्था" और प्रस्तुति के लिए निर्धारित आलेखों में उन बहुत सी समस्याओं पर प्रकाश डाला गया है, जिनके साथ रिज़र्व बैंक जूझता रहा है। कहना अनावश्यक होगा कि भारतीय अर्थव्यवस्था पर बारीक नजर रखने वाले कुछ सहभागियों को पहले से ही यह जानकारी हो गई होगी कि अब मैं सारतत्व के रूप में क्या कहने वाला हूँ, लेकिन बाकी को शायद यह मालूम नहीं होगा, और मेरा विश्वास है कि मेरे ये अभिमत उनके लिए सहायक होंगे।

2. भारत में हमारे लिए काफी घटना प्रधान सन् 2017 अब समाप्त होने के साथ ही कुछ महत्वपूर्ण रूपान्तरण भी होने को हैं, यथा - मौद्रिक नीति समिति के निर्णयों सहित नई मौद्रिक नीति का फ्रेमवर्क; उच्च मूल्यवर्ग के करेन्सी नोटों का विमुद्रीकरण; वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था की शुरुआत; दिवाला और ऋण-शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी); बैंकिंग विनियमन (संशोधन) अधिनियम का प्रवर्तन और सरकार के स्वामित्व वाले बैंकों के लिए पुनर्पूंजीकरण की योजना। क्योंकि ये अहम परिवर्तन भारत के वित्तीय क्षेत्र के परिदृश्य को रूपाकार प्रदान करेंगे, इसलिए मैं इस अवसर पर संक्षेप में वर्णन करना चाहूँगा कि वे इस परिदृश्य को किस प्रकार से आकार प्रदान करेंगे।

3. समष्टि आर्थिक स्थायित्व को दृढ़ता प्रदान करना : हाल ही की अवधि में दो अहम गतिविधियां हो चुकी हैं। पहली यह कि भारत में मौद्रिक नीति का प्राथमिक प्रयोजन स्पष्ट रूप से परिभाषित कर दिया गया है अर्थात संवृद्धि के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कीमत में स्थायित्व लाना। दूसरे यह कि संशोधित भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम (2016) में परिभाषित इस लक्ष्य के अनुसरण में बेन्चमार्क नीतिगत दर निर्धारित करने के दायित्व सहित एमपीसी का गठन किया गया है। स्फीति की प्रत्याशाओं और परिणामों को आकार देने में नवीन मौद्रिक नीति फ्रेमवर्क एक अहम भूमिका निभा रहा है। कुछ अवस्फीति चल रही है तथापि स्फीतिकारी प्रत्याशाएँ संभवतया फिर से स्थायित्व ले रही हैं, जो नए फ्रेमवर्क द्वारा अर्जित विश्वसनीयता का कुछ हद तक संकेत दे रहा है, लेकिन ये अभी आरंभिक दिन है और इसीलिए स्फीति के मोर्चे पर पर्याप्त सावधानी और सतर्कता अपेक्षित है। स्फीतिकारी दबावों को काबू में रखने में हाल ही में मिली सफलता को समष्टि आर्थिक स्थायित्व की प्रतिस्थापना के व्यापक संदर्भ में देखने की जरूरत है, जिसके लिए सरकार ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।[1]

4. इसके साथ ही चालू खाते का घाटा व्यवहार्य स्तरों के भीतर रहा, बाह्य अर्थक्षमता के अन्य संकेतक, यथा जीडीपी की तुलना में ऋणग्रस्तता के अनुपात और/अथवा आरक्षित निधियाँ भी स्वस्थ सुधार को प्रकट कर रही हैं। सरकार ने राजकोषीय समेकन का पथ चुना है और सरकारी देनदारी तथा जीडीपी का अनुपात क्रमिक रूप से घट रहा है। भारतीय अर्थव्यवस्था की वर्तमान स्थिति को देखकर अन्तरराष्ट्रीय निवेशक उत्साहित हैं और यह पर्याप्त मात्रा में विदेशी निवेश के अन्तर्वाह से परिलक्षित होता है। इसी बीच विश्वव्यापी भू-राजनैतिक अनिश्चितता और वित्तीय बाज़ारों में अत्यधिक परिवर्तनशीलता में बढ़ोतरी के बावजूद स्वदेशी वित्तीय बाज़ारों ने जुझारूपन और स्थायित्व दिखाया है। इन गतिविधियों ने अप्रत्याशित आघातों के प्रति " बफर" तैयार करने में सक्षमता प्रदान की।

5. गैर-निष्पादक आस्तियों की समस्या पर काबू पाना : दबावग्रस्त आस्तियों के समाधान के सम्बन्ध में दिवाला और ऋण-शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) 2016 एक महत्वपूर्ण गतिविधि है। रिज़र्व बैंक के दृष्टिकोण से इस संदर्भ में बैंकिंग विनियमन (संशोधन) अध्यादेश का प्रवर्तन और बाद में इस साल अगस्त माह में इसका अधिनियमन

* 7 दिसंबर 2017 को मुंबई में "वित्तीय प्रणाली ओर समष्टि अर्थव्यवस्था" पर आयोजित कैफराल सम्मेलन में उर्जित आर. पटेल, गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा दिया गया भाषण।

[1] सरकार अन्य बातों के साथ-साथ कुछ अहम खाद्य मदों पर कीमत के दबाव का प्रबंधन करने में सक्रिय रही है।

बहुत बड़ा सक्षमकारी तत्व रहा है। इससे रिज़र्व बैंक को यह प्राधिकार मिला और समाधान प्रक्रिया आरंभ करने हेतु निर्देश जारी किए जा सके; बैंकों के तुलनपत्रों में दबाव से निर्णायक तौर पर निपटने और संवृद्धि के चक्र को सहज बनाने के लिए क्रेडिट के प्रवाह की बाधा हटाने में रिज़र्व बैंक की क्षमता इससे बढ़ी है। आगामी वर्ष के दौरान हमें इस अवसर को लपकना होगा ताकि निगमगत ऋणों में अपचार से पैदा हुई कमजोर कर देने वाली समस्या से निपटा जा सके और अपने बैंकों को फिर से वित्तीय मध्यस्थता की मुख्य धारा में लाया जा सके। सरकारी क्षेत्र के बैंकों के पुनर्पूंजीकरण के लिए सरकार द्वारा हाल ही में तैयार की गई योजना यह सुनिश्चित करेगी कि उत्पादक क्षेत्रों (ऋण देने योग्य कर्जदारों) को मिलने वाले क्रेडिट प्रवाह बाधित नहीं हों और संवृद्धि के संवेग को बल मिले। बैंकों के बोर्डों को मजबूत करके, प्रबंधनवर्ग की नियुक्तियों में उद्देश्यपरकता लाकर और व्यावसायिक बोर्ड के लिए निर्णयों को विकेन्द्रित करके सरकार ने सरकारी क्षेत्र के बैंकों के निगमगत अभिशासन को सुधारने के कदम उठाने का भी प्रस्ताव किया है।

6. रिज़र्व बैंक द्वारा चालित जोखिम आधारित पर्यवेक्षी प्रक्रिया में बैंकों के तुलनपत्रों में जोखिम को चिह्नित किया जाता है, जिसे उपचार हेतु संबद्ध संस्थानों के सामने प्रस्तुत किया जाता है। विशिष्ट उल्लंघनों /नियमभंग के बारे में पहले प्रभावी प्रवर्तन और कार्यान्वयन में अंतराल रहता था। इस कार्य हेतु प्रवर्तन विभाग की स्थापना अप्रैल 2017 में की गई, ताकि कानून, नियमों और निर्देशों के उल्लंघन से निपटने के लिए नियम आधारित, सुसंगत फ्रेमवर्क तैयार करने के यह अपने अधिदेश पर ध्यान दे सके। ऐसी कार्रवाइयों के माध्यम से प्रत्यावर्तित प्रभावी निवारण से अपेक्षित है कि यह समग्र क्रेडिट संस्कृति को प्रबल बनाने में योगदान करेगा।

7. भारतीय अर्थव्यवस्था एक अहम मुकाम पर है। इस राजकोषीय वर्ष की पहली तिमाही में हमारी संवृद्धि के आंकड़ों ने कुछ एक को निराश किया होगा, लेकिन दूसरी तिमाही में इसने ऊपर की तरफ बढ़ना शुरू किया और गिरावट अब खत्म होने की तरफ है। यदि कोई दूर की तरफ नज़र डाले तो पाएगा कि संरचनागत परिवर्तनों के साथ आनेवाले अस्थायी व्यवधानों से मध्यम से दीर्घ अवधि के बीच दक्षता और संवृद्धि का प्रसार हो सकता है। उदाहरण के लिए वस्तु और सेवा करों की शुरुआत के साथ यही हुआ था। यह प्रतिलाभ बढ़ाएगा और इसका आशय होगा करों का बेहतर अनुपालन और अधिक दक्ष कराधान प्रणाली जो हमारी संवृद्धि को स्थायी तौर पर ऊपर की दिशा में ले जाएगी। इस सूची में हम एक अन्य महत्वपूर्ण सुधार और जोड़ सकते हैं - विदेशी प्रत्यक्ष निवेश नीति में पर्याप्त उदारता, जिसके कारण प्रत्यक्ष विदेशी निवेशकों की तरफ से भारत में रिकार्ड निवेश किया गया।

8. अब हम भारत का रुख करते हैं और भारतीय अर्थव्यवस्था को अन्तरराष्ट्रीय परिदृश्य में रखते हैं। आज हम सदा-वर्धमान वित्तीय वैश्वीकरण के जगत में रह रहे हैं। आज पूँजी प्रवाह का निरपेक्ष आकार विशाल है और नीति निर्माताओं को चिन्तित करने के लिए इसमें परिवर्तनशीलता भी है। वैश्वीकरण की वजह से सीमा-पार के बाजारों का तीव्रता से एकीकरण हुआ है, जिसमें प्रतिलाभ की तलाश में पूँजी का चपल और विशाल आदान-प्रदान हो रहा है (वर्तमान फैड पर निर्भर तथाकथित "अल्फा" और "बीटा")। वैश्विक संवृद्धि, व्यापार और कल्याण के नजरिए से अतिशय अर्जन तो हुआ है, लेकिन इसने जोखिमों को बढ़ा दिया है, अदम्य गुरुत्व और गति वाले वित्तीय संकटों के प्रति कमजोरी के लिए तो खासतौर पर। अब प्रश्न उठता है - क्या हम अति-वित्तीयकरण के परिवेश में हैं? हम कुछ आंकडे ले लेते हैं। सन 1980 और 2015 के बीच वैश्विक जीडीपी के प्रति वैश्विक बाह्य देयताएँ 30 प्रतिशत से बढ़कर 190 प्रतिशत हो गई हैं, जो वैश्विक व्यापार की संवृद्धि (इसी अवधि में जीडीपी के 19 प्रतिशत से बढ़कर 28 प्रतिशत) को काफी पीछे छोड़ देती हैं। इस नए वैश्वीकरण का प्रमुख वाहन रहा है सीमा-पार बैंकिंग प्रवाह, जिसने वित्तीय संकट से पहले के दशक में वैश्विक पूँजी प्रवाह के एक तिहाई हिस्से का निर्माण किया। इसी के सामानांतर राष्ट्रीय सीमाओं के आर-पार जानेवाली आपूर्ति श्रृंखलाओं और खासकर विकासशील विश्व के नए कारोबारियों के प्रादुर्भाव के माध्यम से वैश्विक व्यापार का नेटवर्क आपस में अधिकाधिक जुड़ता गया। उदीयमान बाजार और विकासशील देश एक साथ मिलकर वैश्विक व्यापार में 37 प्रतिशत (सन 2000 से अब तक 15 प्रतिशतता अंक अधिक) का योगदान करते हैं। भारत के सकल वित्तीय सीमा-पार प्रवाह भी (अन्तर्वाह और बहिर्वाह दोनों) बढ़े हैं - सन 2016-17 में जीडीपी का 47 प्रतिशत, जो 1990-91 में जीडीपी का 12 प्रतिशत थे। विदेशी प्रत्यक्ष निवेश जैसे सुस्थिर पूँजी प्रवाह जो स्वदेशी प्रतिष्ठानों में सापेक्षतया दीर्घकालिक हितलाभ सहित होते हैं, के अलावा विदेशी पोर्टफोलियो (इक्विटी और ऋण दोनों) पूँजी प्रवाह भी बढ़ा है, जिससे अर्थव्यवस्था (अन्य खुले उदीयमान बाज़ारों

सहित) बढ़ी हुई परिवर्तनशीलता और अचानक विराम अथवा व्युत्क्रमी जोखिमों के प्रति संवेदनशील हो जाती है।

9. जिस प्रकार अन्य उदीयमान बाज़ारों की तरह - भारत भी निसंदेह वैश्वीकरण से लाभान्वित हुआ है, तो साथ ही हम इसके साथ आने वाली कमजोरियों के प्रति भी पहले की तुलना में अधिक अनावृत हो गए हैं। बाह्य विश्व पर हमारी बढ़ती हुई निर्भरता हमारी बाह्य देयताओं (ऋण और गैर-ऋण दोनों) की बकाया रकम से प्रकट होती है, जो मार्च 2005 में जीडीपी के 30 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2017 में 41 प्रतिशत हो गई है। भारत की निवल अंतरराष्ट्रीय निवेश स्थिति (अर्थात् बकाया आस्तियों में से देयताओं को घटाकर) इस अवधि में जीडीपी के 7 प्रतिशत से बढ़कर जीडीपी का लगभग 17 प्रतिशत हो गई है। शेष विश्व के प्रति बढ़ती हुई निवल देयताओं द्वारा वित्तपोषित चालू खाते में सतत घाटे के दीर्घकालिक चरण के साथ यह सुसंगत ही है। विगत वर्षों के दौरान सीमाओं में राहत के साथ विदेशी पोर्टफोलियो पूंजी प्रवाह में वृद्धि हुई है (निश्चय ही पूँजी की दुर्लभता वाले देशों में अंतरराष्ट्रीय वित्तीय प्रवाहों से निश्चित आर्थिक लाभों के संदर्भ में इसकी तारीफ करनी होगी)।

10. देश में आनेवाले और देश से बाहर जानेवाली पूँजी का आवागमन दूसरे देशों के नीतिगत चक्रों से अक्सर जुड़ा रहता है, जिससे अन्तरराष्ट्रीय नीति के प्रभावों के सामने चुनौती खड़ी हो जाती है। प्रत्येक नई अनपेक्षित घटना के साथ प्रभावक्षेत्र व्यापक होता जाता है, परिवर्तनशीलता उच्चतर हो जाती है और उदीयमान बाजार जिस मामूली सी सुरक्षा व्यवस्था का बन्दोबस्त करने में सक्षम होते है उसके दमन का खतरा पैदा हो जाता है। ऐसे जगत में कोई भी नीतिगत आजादी की हिफाजत कैसे करता है? क्या हमारे लिए सार्थक और गहन अन्तरराष्ट्रीय नीतिगत समन्वय जरूरी है? या फिर सार्वभौमिकता के स्थान पर रंगभेद की याद दिलाने वाले और बहुत कम देशों को वर्तमान में उपलब्ध असंयमित सुरक्षा के स्थान पर सार्वभौमिक वित्तीय सुरक्षा का नेट चाहिए। इसी बीच जो उदीयमान बाजार वैश्विक वित्तीय संकट के सामने पड़े उन्हें इस प्रकार के जोखिम को शेयर करने से प्रणालीगत रूप से वर्जित किया गया। इस विभाजित पद्धति को समाप्त करने और केवल विशेषाधिकार प्राप्तों की बजाए समान रूप से उपलब्ध स्वैप लाइनों तक सभी को पहुँच प्रदान करने का समय आ चुका है।[2] यद्यपि उदीयमान बाजारों ने हाल ही के वर्षों में हुई खलबली को सहन करके उससे उबरने की कुछ अवस्थाएं प्रकट की हैं, तथापि संक्रमणकालीन होते हुए भी कमजोर कर देने वाले वित्तीय अंतरालों को भरने और चलनिधि की दृष्टि से सुभेद्य बने रहे।[3] इस पृष्ठभूमि में विदेशी मुद्रा रिजर्व के रूप में पर्याप्त बफर का निर्माण इन जोखिमों से निपटने के लिए स्वाभाविक स्वत: बीमा करने जैसा है, इससे वित्तीय स्थायित्व के लिए खतरा पैदा करने वाले अनुमानित प्रणालीगत समानुपातों से जोखिमों से बचाव और इन जोखिमों से निपटने के लिए स्वाभाविक स्वत: बीमा करने जैसा है, इससे वित्तीय स्थायित्व के लिए खतरा पैदा करने वाले अनुमानित प्रणालीगत समानुपातों से जोखिमों से बचाव और इन जोखिमों का बेहतर प्रबंधन होता है। व्यापक स्वैप नेटवर्क के अभाव में प्रत्येक देश का समष्टि आर्थिक परिवेश नीतिगत उपायों के चयन की जानकारी देगा। ऐसी दशा में अन्तरराष्ट्रीय वित्तीय स्थायित्व के लिए उस समय खतरा पैदा हो जाता है जब किसी एक देश में इस बफर की अपर्याप्तता के कारण पैदा हुआ संकट विश्वव्यापी समानुपात में बंट जाता है। इसी प्रकार पूंजी खाते को उदार बनाने के लिए कोई समान्य संहिता अथवा समरूपी पद्धति नहीं हो सकती है। तीव्र पूंजी प्रवाहों के प्रबंधन को सैद्धांतिक मुख्यधारा (और व्यवहार में भी) समष्टि विवेकपूर्ण टूल किट के परम्परागत तथ्य रूपी घटकों को कई प्रकार से शामिल करने की जरूरत है। वस्तुत: समष्टि-विवेकपूर्ण उपाय के रूप में विदेशी मुद्रा रिज़र्व के प्रयोग को हतोत्साहित करने का कोई भी प्रयास यह अनिवार्यता पैदा करेगा कि पूंजी प्रवाहों का प्रबंधन और भी सक्रियतापूर्वक किया जाए। सम्मेलन में आज और कल जो विमर्श होंगे शायद इस मामले में संवादों का निर्माण करें।

11. सम्मेलन में यह प्रयास किया जाए : इस प्रकार की नितियाँ कैसे प्रभावी हैं? क्या हम इन पर अल्पावधिक हस्तक्षेप के रूप में विचार करें अथवा दीर्घावधि नीतियों के रूप में।

12. आस्ति-बुलबुले से भी वित्तीय स्थायित्व खतरे में पड़ता है। प्रतिलाभ की तलाश कर रहे निवेशक-स्वदेशी और विदेशी दोनों - आस्ति बाजारों में खुदबुदाहट को प्रेरित (योगदान) कर

[2] इस संदर्भ में एक बात पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया और वह यह है कि इस नेटवर्क में जो अर्थव्यवस्थाएँ/केन्द्रीय बैंक विशेषाधिकार प्राप्त सदस्य है उन्हें (निहितार्थ और अनजाने ही) अविचारी रहने की प्रेरणा मिल जाती है या वे ऐसी नीति का अनुसरण करते हैं जो वैश्विक कल्याण की दृष्टि से उपयोगी नहीं होती, दूसरे शब्दों में कहें तो शायद नैतिक खतरा बढ़ जाता है।

[3] हिस्टेरेसिस के कारण वास्तविक अर्थव्यवस्था के निहितार्थ गहरे और टिकाऊ हो सकते हैं।

[4] देशों का नाम रखते हुए उन्हें लज्जित करने की परिपाटी के बारे में विचारपूर्वक फिर से सोचने की जरूरत है, जैसे कि "मुद्रा जुगाड़ करने-वाले"; क्योंकि इसके पीछे का आर्थिक तर्क संदेहजनक है।

सकते है। मौद्रिक नीति का निर्धारण करते समय केन्द्रीय बैंकर्स आस्ति बाजारों में इस बुदबुदाहट पर कितना ध्यान दे सकते हैं?

13. आस्ति बाजारों और वास्तविक अर्थव्यवस्था के बीच सम्पर्क एक अन्य क्षेत्र है जिसमें केन्द्रीय बैंकों को ध्यान बनाए रखना होता है। यद्यपि यह मामला संभवतया वैश्विक वित्तीय संकट के दौरान सामने आया तथापि गुणात्मक और मात्रात्मक रूप से इन्हें जोड़ने वाली व्यवस्था और चैनल मौद्रिक नीति के लिए बुनियादी महत्व के होते हैं।

14. नीति निर्माताओं के लिए इसी से जुड़ा हुआ चिन्ता का स्रोत है - स्फीति का प्रबंधन। वैश्विक रूप से खासकर विकसित अर्थव्यवस्थाओं में स्फीति के कारकों को निर्धारित करने में अनिश्चितता बढ़ रही है। क्या हमें मौद्रिक संचारण व्यवस्था के ही बारे में फिर से सोचने की जरूरत है या फिर नीति और स्फीति के बीच पारंपरिक सम्पर्क में हालिया कमजोरी एक अस्थायी लक्षण है?

15. इस सम्मेलन में बहुत से आलेखों में इनमें से कुछ विषयों पर चर्चा होगी। मुझे आशा है कि सफल विचार-विमर्श हों जो इस विषय पर सिर्फ इस चर्चा को आगे नहीं बढ़ाएंगे बल्कि उम्मीद है कि नीति की गहनता पर भी कुछ प्रकाश डालेंगे।

16. धन्यवाद।

*विनियमन और वित्तीय स्थिरता**

एन. एस. विश्वनाथन

मर्चेन्ट चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इन्डस्ट्री के प्रेसिडेन्ट श्री हेमन्त बांगड़, यूनाइटेट बैंक ऑफ इंडिया के एमडी और सीईओ श्री पवन बजाज, मंच पर उपस्थित अन्य गणमान्य सज्जनो, प्रिन्ट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथियो, देवियो और सज्जनो। इस गरिमामयी सभा के समक्ष ''विनियमन और वित्तीय स्थिरता'' के बारे में अपने विचार रखते हुए मुझे हार्दिक प्रसन्नता हो रही है।

वित्तीय प्रणाली और बाज़ारों को उचित विनियमों के अंतर्गत काम करना ही चाहिए। इसीलिए वित्तीय क्षेत्र के विवेकपूर्ण विनियमन और समष्टि आर्थिक नीतियों में स्थिरता का प्रावधान होना चाहिए। कुछ दिशाओं से यह चिंता भी की गई कि वैश्विक मानक स्थापित करने वाले निकायों ने बहुत कठोर विनियमन आरंभ कर दिए हैं। हमें यह समझना ही होगा कि वित्तीय संकट की बहुत कीमत चुकानी पड़ सकती है। आप सभी जानते हैं कि कुछ भागों में विश्व अभी लगभग एक दशक बाद भी संकट के प्रभावों को महसूस कर रहा है।

इसलिए जब वित्तीय स्थिरता की बात आती है तो यह कहावत पूरी तरह लागू होती है कि सौ दवाओं से एक परहेज भला।

वैश्विक संकट के बाद वित्तीय स्थिरता को आर्थिक नीति और विनियमन के सेन्टर स्टेज पर ला खड़ा किया गया। इस संकट ने प्रचुरता से यह स्पष्ट कर दिया है कि प्रत्येक वित्तीय संस्था की वित्तीय प्रबलता प्रणालीगत क्षमता में कोई अभिवृद्धि नहीं करती है। जब संकट सामने आया तो यह साफ दिखाई दिया कि लगभग प्रत्येक वित्तीय संस्था ने उल्लेखनीय पूँजी पर्याप्तता की रिपोर्ट दी। इससे नीति निर्माताओं को यह सोचना पड़ा कि व्यष्टिगत विवेकपूर्ण विनियम किसी वित्तीय प्रतिष्ठान की मजबूती को निर्धारित करने में मदद करते हैं, लेकिन इनके साथ पर्याप्त समष्टिगत विवेकपूर्ण विनियम और प्रणाली विरुद्ध जोखिम उपाय किए जाने चाहिए अन्यथा प्रणालीगत स्थिरता को जोखिम हो सकता है।

जैसा कि डॉ. सुब्बाराव ने अपनी पुस्तक 'Who Moved by Interest Rate' में लिखा है कि वित्तीय स्थिरता को परिभाषित कर पाना कठिन है, लेकिन जब वित्तीय अस्थिरता होती है तो कोई भी इस पर विचार कर सकता है। वित्तीय स्थिरता को विभिन्न चैनलों से प्रभावित किया जा सकता है। यह वित्तीय संस्थागत चैनल से हो सकता है, बाजार, फोरेक्स और यहाँ तक कि व्यापारिक चैनलों के माध्यम से भी हो सकता है, खासकर तब जब कि विश्व अर्थव्यवस्था अधिकाधिक वैश्वीकृत और अन्त: संयुक्त होती जा रही है।

वित्तीय प्रणाली को मात्र व्यष्टि विवेकपूर्ण विनियमों से बदलकर समष्टि विवेकपूर्ण विनियमों की तरफ ले जाने की पद्धति के लिए एक ऐसे मंच की जरुरत है जिस पर सभी क्षेत्रीय नियामकों और आर्थिक नीति निर्माताओं को एक साथ लाया जा सके। यह अनिवार्य है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जिन नियामक और आर्थिक नीतियों का अनुसरण किया जाता है वे वित्तीय संस्थाओं की सिर्फ आघात सहने की क्षमता सुनिश्चित करने के लिए ही अशंकित नहीं है बल्कि इनमें वित्तीय स्थिरता की चिन्ताओं से निपटने की समग्रता भी है। संयुक्त राज्य में डॉड फ्रैन्क एक्ट ने फाइनान्शियल सेक्टर ओवरसाइट कमिटी (FSOC) का गठन एकछत्र निकाय के रुप में किया। वित्तीय अस्थिरता की तरफ ले जा सकने वाले विभिन्न चैनलों को स्वीकार करते हुए और इस तथ्य को मानते हुए कि वित्तीय प्रणाली के विभिन्न हिस्सों का विनियमन अलग-अलग नियामकों द्वारा किया जाता है - भारत सरकार ने वित्त मंत्री की अध्यक्षता में वित्तीय स्थिरता विकास परिषद (एफएसडीसी) गठित की है जिसमें सरकार के वरिष्ठ पदाधिकारियों के अलावा वित्तीय क्षेत्र के अन्य नियामकों को सदस्य के तौर पर लिया गया है। आरबीआई के गवर्नर की अध्यक्षता और वित्तीय क्षेत्र के अन्य नियामकों के चेयरमैन की सदस्यता वाली एफएसडीसी उप समिति की बैठकें बार-बार होती हैं और यह अपनी रिपोर्ट एफएसडीसी को प्रस्तुत करती है। एफएसडीसी की उपसमिति और एफएसडीसी द्वारा अर्थव्यवस्था और वित्तीय प्रणाली की गतिविधियों, विभिन्न चैनलों से वित्तीय स्थिरता को जोखिम की समीक्षा की जाती है और स्थिति से निपटने के लिए यथोचित अपेक्षित उपाय किए जाते हैं। एफएसडीसी उपसमिति को सचिवालय सेवाएं आरबीआई द्वारा दी जाती हैं और वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट का छमाही प्रकाशन किया जाता है। इस वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट में वित्तीय प्रणाली की वर्तमान स्थिति, वित्तीय स्थिरता को प्रभावित कर सकने वाले संभावित स्रोतों के अन्त:सम्पर्कों की सीमा का विश्लेषण किया जाता है। वित्तीय प्रणाली की

* यह भाषण श्री एन.एस. विश्वनाथन, उप गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा 13 अक्टूबर 2017 को कोलकाता में आयोजित मर्चेंट चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के विशेष सत्र में दिया गया था।

कमजोरियों को समझने के लिए सर्वांगीण जोखिम आकलन बहुत अहम है।

इसका आशय है कि वित्तीय संस्थानों की मजबूती सुनिश्चित करने के अलावा यह भी अनिवार्य है कि विभिन्न आर्थिक आघातों के प्रति प्रणाली की सहनशीलता का भी आकलन किया जाए। इसीलिए वैश्विक रुप से केन्द्रीय बैंकों ने स्वीकार्य लेकिन नाजुक आर्थिक स्थितियों में समूची प्रणाली के दबाव-परीक्षण आरंभ कर दिए है। आरबीआई इस प्रकार के दबाव परीक्षण करता है और इनके परिणामों का प्रकाशन वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट में किया जाता है। रिज़र्व बैंक द्वारा अन्य बैंकों से अपेक्षा की जाती है कि वे भी दबाव परीक्षण करें और परिणामों को अपनी आंतरिक पूँजी आकलन में प्रयुक्त करें।

मैं अपनी बात यह कहते हुए शुरु करता हूँ कि यह जरूरी नहीं है कि मज़बूत वित्तीय संस्थाएं वित्तीय स्थिरता की तरफ ले जाएं। वित्तीय स्थिरता के लिए मजबूत और आघात सहन करने वाली वित्तीय संस्थाएं पर्याप्त नहीं होती हैं बल्कि यह तो अनिवार्य शर्त होती है। इसीलिए यह सर्वमान्य है कि समुत्थानशील वित्तीय प्रणाली, अधिक बारीकी से कहें तो बैंकिंग प्रणाली, वित्तीय स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण होती हैं और ये अन्य चैनलों से पैदा होने वाली वित्तीय अस्थिरता के विरुद्ध चहारदीवारी का काम करती हैं। इसी तरह वर्ष 2007-08 में हुए वित्तीय संकट जैसे संकट से बचाव के लिए अन्य प्रयासों के अलावा जी-20 ने बासेल कमेटी फॉर बैंकिंग सुपरविजन (बीसीबीएस) को अधिकार दिए कि ऐसा विनियामक फ्रेमवर्क तैयार किया जाए जो बैंकिंग प्रणाली को समुत्थानशील और मजबूत बनाने में मदद करे। इस संकट के कारण वैश्विक वित्तीय संरचना के साथ-साथ विनियम बनाने के लिए संस्थागत संरचना में भी बदलाव की जरुरत पड़ी। इससे जी-20 देशों को समाहित करने के लिए बीसीबीएस का विस्तार किया गया और इसमें भारत को भी बीसीबीएस का सदस्य बनाया गया और वित्तीय स्थिरता बोर्ड स्थापित हुआ। बेशक, जैसा कि डॉ.सुब्बाराव ने अपनी प्रसिद्ध किताब में उल्लेख किया है, भारत और अन्य ईएमई देशों को सामान्यतया वोट का अधिकार तो मिलता है लेकिन आवाज उठाने का नहीं। लेकिन धीरे-धीरे यह बदल रहा है और कुछ हद तक ईएमई देशों की बात को भी सुना जा रहा है। जी-20 समूह द्वारा प्रदत्त अधिकारों के प्रतिसाद में बीसीबीएस ने नए विनियम तैयार किए जिन्हें आमतौर पर बासेल-III विनियमावली कहा जाता है।

बासेल-III नियमावली द्वारा विनियामक फ्रेमवर्क में किए गए परिवर्तनों के बुनियादी तत्त्वों को समझने के लिए उन आधारभूत मुद्दों की रुपरेखा देखना उपयोगी होगा, जो उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में संकट के दौरान वित्तीय प्रणाली में पाई गईं।

(ए) बैंकिंग प्रणाली की उच्च लीवरेज पर उच्च सीआरएआर का मुखौटा लगा दिया गया। उच्च दरों वाली प्रतिभूतिकृत लिखतों में निम्न कोटि की आस्तियों को लपेटकर बैंकों ने उच्च सीआरएआर दर्शाई, जबकि वे अति लीवरेज स्थिति में बने रहे।

(बी) अपनी आस्तियों के निधीयन और पुनर्वित्तीयन के लिए बाजार से उधार लेने पर अत्यधिक निर्भरता; अन्तर्निहित आस्तियों में चूक होने के कारण बंधक समर्थित प्रतिभूतियां जब डाउनग्रेड हुईं तो नकदी की आपूर्ति समाप्त हो गई।

(सी) अनुषंगियों (एक प्रकार से शैडो बैंकिंग प्रतिष्ठान) का प्रयोग करते हुए ऐसे क्रियाकलाप करना जो बैंक के भीतर से किए जाते तो अधिक विनियमित रहते, इस प्रकार विनियामकीय क्रय-विक्रय का सृजन हुआ।

(डी) पूंजी की हानि-अवशोषक-क्षमता कमजोर रही, यह देखते हुए कि पूँजी का न्यूनतम 50 प्रतिशत हिस्सा ही हानि अवशोषक प्रकृति का नहीं हो सकता है (टीयर-II)।

(ई) कभी विफल नहीं हो सकने वाले बड़े बैंकों को लोक-निधि में से बेल-आउट की जरुरत पड़ी। इसलिए बहुत बड़े और अन्त: संयोजित प्रतिष्ठान भी महंगे पड़ जाते हैं।

(एफ) क्रेडिट रेटिंग पर निर्भरता से संभारित अव-पूंजीकरण हुआ।

(जी) क्रेडिट जोखिम हेतु अपनी पूंजी अपेक्षाओं के निर्धारण हेतु बहुत से बैंकों ने आंतरिक रेटिंग आधारित (आईआरबी) प्रणाली अपनाई और आईआरबी तो मॉडल आधारित होती है। इसलिए सम्पूर्ण तुलन पत्र ही मॉडल जोखिम के प्रति अनावृत हुआ।

इस पृष्ठ भूमि में अब हम बासेल-II में किए गए प्रमुख बदलावों को देखते हैं:-

1. यह अनिवार्य किया जाए कि पूँजी की कोटि और मात्रा में सुधार हो ताकि बैंकों और बैंकिंग प्रणाली को उच्चतर हानि सहन करने लायक बनाया जा सके जो संभावित जोखिमों के आघातों को झेल सके। इसलिए विनियामक पूँजी व्यवस्था में तीन बुनियादी बदलाव किए गए:-

   (ए) यह निर्धारित किया गया कि 8 प्रतिशत सीआरएआर में से न्यूनतम 4.5 प्रतिशत सामान्य इक्विटी टीयर-I सम्पूर्ण हानि अवशोषक क्षमता वाली होगी।

   (बी) पूंजी संरक्षण हेतु 2.5 प्रतिशत बफर के अलावा प्रतिचक्रीय पूंजी हेतु 2.5 प्रतिशत बफर के रुप में दो अतिरिक्त बफर निर्धारित किए गए। अर्जन वितरण पर प्रतिबंध रखते हुए संकट के समय पूंजी संरक्षण बफर को रन-डाउन किया जा सकेगा।

   (सी) बैंक को टीयर-I (एटी-I) के अतिरिक्त बॉन्ड जारी करने की अनुमति दी गई लेकिन हानि अवशोषण के प्रबल फीचरों सहित।

2. वैश्विक और स्वदेशी स्तरों पर इतने बड़े कि विफल नहीं होंगे - प्रकार के बैंकों की पहचान हेतु एक फ्रेमवर्क तैयार किया गया। जीएसआईबी (वैश्विक स्तर पर सर्वांगीण रुप से महत्त्वपूर्ण बैंकों और डीएसआईबी (स्वदेशी स्तर सर्वांगीण रुप से महत्वपूर्ण बैंकों) से अतिरिक्त पूँजी के अलग-अलग स्तर रखना अपेक्षित है, ताकि यदि वे विफल होते है तो वे स्वयं को उबारने के लिए लोक-निधियों का प्रयोग करने से बच सकें और उनके तुलनपत्रों में अत्यधिक बढ़ोत्तरी न हो। जीएसआईबी से यह भी अपेक्षित रहा कि वे टीएलएसी (कुल हानि अवशोषक क्षमता) लिखत जारी करें, जिन्हें जरुरत पड़ने पर इक्विटी में बदला जा सके।

3. जैसा कि मैं पहले बता चुका हूँ संकट के समय बैंकिंग प्रणाली के कई फीचरों में से एक यह भी था कि निधियों के लिए बाजार से उधार लेने पर अत्यधिक निर्भरता रही। संकट का पहला ट्रिगर यह था कि इन बैंकों में से एक अपनी देयताओं के लिए वित्त जुटाने में अक्षम रहा क्योंकि अंतर्निहित आस्तियां डाउनग्रेड हो गईं। हैरानी की बात यह है कि उस समय आस्ति-देयता प्रबंधन प्रणाली रखने के अलावा वैश्विक रुप से चलनिधि का कोई मानक नहीं था। बीसीबीएस ने महसूस किया कि नकदी का अभाव किसी भी बैंक को खोखला कर सकता है और उसे दिवालिएपन की तरफ धकेल सकता है। इसीलिए बासेल-III सुधारों के एक भाग के तौर पर चलनिधि मानकों का निर्धारण किया गया। ये सुधार थे - चलनिधि कवरेज अनुपात (एलसीआर) और निवल सुस्थिर निधीयन अनुपात (एनएसएफआर)। बैंकों के पास अपनी देयताओं के संबंध में होने वाली मांग को पूरा करने और दबावग्रस्तता की स्थितियों में 30 दिन की अवधि के लिए उच्च कोटि की चलनिधि पर्याप्त मात्रा में है, एलसीआर से यह सुनिश्चित हो जाता है। एनएसएफआर में अपेक्षित है कि बैंकों के पास एक वर्ष की समयावधि के लिए अपनी आस्तियों और अपने क्रियाकलापों के चलनिधि लक्षणों के आधार पर स्थायी वित्तीयन की न्यूनतम रकम है। इससे निधीयन और रोलओवर के जोखिम कम हो जाएंगे। हमें हमारी एसआरआर अपेक्षाओं के प्रति आभारी होना चाहिए जिनके चलते एलसीआर अपेक्षाओं को पूरा करने में भारतीय बैंकों को कोई कठिनाई नहीं हुई।

4. आस्ति पक्ष में उच्च दर वाली लिखतों की गहनता के कारण बैंक उच्च सीआरएआर के साथ अपनी उच्च लीवरेज को छिपाने में सक्षम हुए। आस्तियों की कोटि डाउनग्रेड होते ही पूँजी की अपर्याप्तता सामने आ गई। इस संभावना के निवारण की दृष्टि से बासेल समिति ने लीवरेज अनुपात भी निर्धारित कर दिया। इसका आशय यह हुआ कि भले ही बैंक की आस्तियों के लिए शून्य जोखिम भार दिया गया हो, अब उस पर कुछ निषेध रहेगा, जबकि एक मात्र सीआरएआर पद्धति में इसने अपरिमित लीवरेज की क्षमता दे दी होती।

5. प्रतिभूतिकरण पर विभिन्न विनियामकीय बदलाव किए गए हैं। इन परिवर्तनों में सरल, पारदर्शी और मानकीकृत (एसटीएस) प्रतिभूतिकरण के लिए फ्रेमवर्क निर्धारित करना शामिल है। एसटीएस के

अनुरुप नहीं होने वाले प्रतिभूतिकरण सौदे के लिए उच्चतर पूँजी निर्धारित है, ताकि बैंक के तुलनपत्र से निकलने वाली असत्य बिक्री को रोका जा सके और इस प्रकार के लेन देन हेतु पूँजी अपेक्षाओं को मजबूत किया जा सके।

6. बासेल समिति भी यथासंभव पूँजी अपेक्षा निर्धारित करने के लिए आंतरिक मॉडल आधारित पद्धति के प्रयोग को समाप्त करने की दिशा में बढ़ रही है। यह तीन प्रकार से किया जा रहा है (क) विभिन्न प्रकार के एक्सपोजरों के लिए आईआरबी के प्रयोग को निषिद्ध करना (ख) मानकीकृत पद्धति को मजबूत करना और (ग) जहाँ आईआरबी का प्रयोग होता हो, वहाँ विनियामक आधार निर्धारित करना, ताकि इस मॉडल के प्रयोग से जोखिम के कारण कम पूंजीकरण की संभावना कम-से-कम हो।

इसके अलावा बाजार जोखिम सहित अन्य बदलाव भी हुए, जिनके लिए मैं समझता हूँ कि मुझे विस्तार से बताने की जरुरत है।

सिर्फ प्रबल विनियमों के माध्यम से वित्तीय स्थिरता प्राप्त नहीं की जा सकती। इनके साथ प्रभावी पर्यवेक्षण भी होना चाहिए। संकट पूर्व के दिनों में बहुत से अधिकार क्षेत्रों में लाइट-टच पर्यवेक्षी और विनियमन पद्धति प्रचलन में थी। इस प्रकार विनियमन अधिकतर, अनुपालन या स्पष्ट करें और पर्यवेक्षण कम गहन प्रकार के थे। लाइट टच विनियामक और पर्यवेक्षी प्रकार की ये पद्धतियॉ बैंकिंग प्रणाली के एक कारण के रुप में भी देखी गईं। वैश्विक संकट ने यह सब बदल दिया और अधिक 'हैन्ड्स ऑन' विनियमन तथा गहन पर्यवेक्षण की तरफ बढ़ना जारी है। लेकिन भारत में रिज़र्व बैंक विनियमों और पर्यवेक्षण के लिए काफी पहले से 'हैन्ड्स ऑन' ही है।

7. हमने भारत में बासेल-III विनयमों को अपनाया है और वैश्विक समय सारणी के अनुक्रम में बैंकों से अपेक्षित है कि 31 मार्च 2019 तक पूरी तरह से बासेल-III को अंगीकार कर लें। जब कभी भी हम भारत में बैंकिंग के बारे में बात करते हैं तो ऐसा विचार व्यक्त किया जाता है कि हम अपेक्षित वैश्विक मानदंडों की तुलना में कठोर मानदंड लागू करते हैं। इस धारणा की पुष्टि स्वरूप जो तर्क दिए जाते हैं, उनमें बहुधा इस बात का उल्लेख किया जाता है कि बासेल नियमावली में निर्दिष्ट 8 प्रतिशत सीआरएआर की तुलना में 9 प्रतिशत सीआरएआर का निर्धारण किया गया है। यहाँ मुझे यह स्पष्ट करना होगा जैसा कि किसी एक वर्किंग पेपर[1] में विस्तार से बताया भी गया है कि वास्तव में ऐसा नहीं है। बुनियादी तौर पर अन्य कारकों के साथ यह एक प्रतिशत अधिक सीआरएआर विनियामक पूँजी को भारतीय हालात के अनुसार कैलिब्रेट करने हेतु है, जो इस बारे में समसमान रुप से रेटेड अन्तरराष्ट्रीय जोखिमों से अलग रखते हुए एक विशेष क्रेडिट रेटिंग पर आधारित जोखिमों के लक्षणों के लिए किए जाते हैं। मैं यहाँ उल्लेख करना चाहूँगा कि विनियामक पूँजी अनिवार्यतया अनपेक्षित हानि की भरपाई करने के लिए होती है। इसलिए ऐसा कैलिब्रेशन अपेक्षित है। जिन्हें इस बारे में रुचि है उनके लिए मैं कहना चाहूँगा कि आप आलेख-I अवश्य पढ़िए जिसका मैं उल्लेख कर चुका हूँ। संयोगवश 4.5 प्रतिशत के मुकाबले 5.5 प्रतिशत का उच्चतर सीईटी-I अनुपात एक अन्य बहुधा उल्लेख किया जाने वाला 'विचलन' है जो कि 9 प्रतिशत सीआरएआर का ही एक डेरिवेटिव है।

8. एक अन्य क्षेत्र में भी हमारे विनियमों को मानकों की तुलना में कठिन बताया जाता है, और वह है एसएलआर और एलसीआर दोनों को बनाए रखना। आप जानते ही होंगे कि हमने क्रमिक रुप से एसएलआर को कम किया है और अनुमति दी है कि एसएलआर के 11 प्रतिशत की गणना एलसीआर के रुप में कर ली जाए। इस प्रकार इसका प्रभाव मृदुल हो जाएगा। इसके अलावा हमें यह कार्य क्रमिक रुप से करना होगा, खासकर इसे दृष्टिगत रखते हुए कि यदि एसएलआर से प्रतिलाभ को अचानक ही कम कर दिया गया तो सरकारी प्रतिभूतियों में ऊर्ध्वगामी संचलन के कारण होने वाली अस्थिरता से बचा जा सके।

[1] आरबीआई वर्किंग पेपर श्रृंखला 2017 - टिस्क-वेटिंग अंडर स्टैडर्डाइन्ड एप्रोच ऑफ कंप्यूटेशन ऑफ कैपिटल फॉर क्रेडिट टिस्क इन बासेल फ्रेमवर्क - एन एनालिसिस ऑफ डिफॉल्ट एक्सपीरियंस ऑफ क्रेडिट टेटिंग एजेंसिज इन इंडिया।

9. हमने बैंक से अपेक्षा की है कि लीवरेज अनुपात को लागू किया जाए और उन्हें यह संकेत दिया है कि हम 4.5 के अनुपात पर उनकी निगरानी करेंगे। इसमें अधिक विचार इस तथ्य का है कि वैश्विक मानकों की दृष्टि से भी ओवर-लीवरेज होने से पहले ही बैंक सुधारात्मक कार्रवाई करने में सक्षम रहें और यह भी कि वर्तमान में समूची प्रणाली में व्याप्त औसत लीवरेज अनुपात से आगे नहीं बढ़ने का आदेश बैंकों को दिया जाए।

10. कारोबार के लिए यह स्वाभाविक है कि प्रबल रुप से विनियमित परिवेश से कम विनियमित परिवेश की तरफ बढ़ा जाए। यही कारण है कि बैंकिंग प्रणाली अधिक विनियमित रही जबकि फर्में कम विनियमित परिवेश की तरफ बढ़ीं। जब कम विनियमित अथवा अविनियमित परिवेश में वित्तीय मध्यस्थता होती है, यहाँ तक कि बैंक भी ऐसा करने के लिए अनुषंगी मॉडल को खास तौर पर अपनाते हैं, तो वित्तीय प्रणाली पर उल्लेखनीय प्रभाव पड़ता है। शैडो बैंकिंग प्रतिष्ठानों को ऐसे वित्तीय मध्यस्थों के रूप में परिभाषित किया गया है जो विनियामक निगरानी के बिना क्रेडिट सृजन सुविधा देने में लगे होते हैं। इसीलिए वैश्विक स्तर पर बैंकों के लिए समष्टि और व्यष्टि विवेकपूर्ण विनियमन को सशक्त बनाने के उपायों के साथ शैडो बैंकिंग प्रणाली पर बेहतर नियंत्रण के प्रयास भी शामिल किए गए। प्रयास इस दिशा में भी हुए कि शैडो बैंकिंग प्रतिष्ठानों की मैपिंग करके एक विनियामक व्यवस्था कायम की जाए। रिज़र्व बैंक भी वित्तीय स्थिरता बोर्ड द्वारा संचालित कार्यों में शामिल होता है और उसे आवश्यक जानकारी प्रदान करता है। भारतीय संदर्भ में गैर-बैंकिंग वित्तीय कम्पनियाँ वित्तीय मध्यस्थता सेवाएं प्रदान करती हैं तथा न्यूनतम पूँजी और ऋण अपचार पर ध्यान देने के लिए इन पर काफी सख्ती से नियंत्रिण किया जाता है।

11. यह भी देखा गया कि संकट के दौरान लेखांकन फ्रेमवर्क, खासकर वित्तीय विवरणी में दिखाए जाने वाले वित्तीय लिखतों के उचित मूल्य के आंकलन में, वित्तीय संस्थानो की सही और उचित छवि प्रकट नहीं हुई। इसलिए तुलन-पत्र और लाभ हानि लेखा दर्ज करने हेतु वैश्विक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग मानकों (आईएफआरएस) को अपनाने के प्रयास हो रहे हैं। भारत में भी हम बैंकों के लिए लेखांकन पद्धति के रूप में भारतीय लेखांकन मानकों को अपनाने की तरफ बढ रहे हैं और हम सभी हिस्सेदारों से आगामी संवाद कर रहे हैं।

12. हाल ही में साइबर जोखिमों के प्रति वित्तीय संस्थानों की कमजोरी का खतरा निहायत ही बढ गया है। विगत में प्रौद्योगिकी का प्रयोग बैंकों में बढ़ने के परिणामस्वरुप ऐसा हुआ। साइबर जोखिमों से सहज ही प्रभावित होने से न केवल वित्तीय संस्थान खतरे में पड़ जाते हैं, बल्कि साइबर जोखिम निधियों, डाटा की चोरी, आईटी प्रणालियों का नष्ट-भ्रष्ट होना आदि रुपों में होते हैं, जो सामान्य परिचालनों को प्रभावित कर सकते हैं। इसलिए वैश्विक स्तर पर अपर्याप्त साइबर सुरक्षा को वित्तीय स्थिरता के लिए गंभीर खतरे के रुप में अंकित किया गया है। प्रबल साइबर जोखिम प्रबंधन फ्रेमवर्क के महत्त्व को समझते हुए रिज़र्व बैंक ने इस बारे में बैंकों को विस्तृत विनियम जारी किए हैं। रिज़र्व बैंक सूचना प्रौद्योगिक प्रा. लिमिटेड के नाम से भारतीय रिज़र्व बैंक ने अपनी एक आईटी अनुषंगी इकाई स्थापित की है ताकि साइबर जोखिम प्रबंधन के विनियमों को समुचित रूप से लागू करने में सहायता मिल सके और पर्यवेक्षी पद्धति के एक भाग के तौर पर विनियमित प्रतिष्ठानों की आईटी प्रणालियों की गुणवत्ता का आकलन किया जा सके।

13. भारत में यह पाया गया है कि कुल जोखिमों की प्रतिशतता के रूप में एनपीए की मात्रा बड़े खातों में अधिक है। अत्यधिक लीवरेज वाले कारपोरेट सेक्टर से सर्वांगी जोखिम पैदा होते हैं। वैश्विक रुप

से बड़े जोखिमों को काबू में करने के प्रयास हो रहे हैं और हमने भी बड़े जोखिम मानदंडों को वैश्विक मानकों के अनुरूप कर लिया है। इसके अलावा, बैंक तुलन-पत्रों को जोखिम मुक्त करने की दृष्टि से और बड़े कर्जदारों को पूँजी बाजार की तरफ जाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए हमने कतिपय परिस्थितियों में बडे कर्जदारों को उच्चतर जोखिम भारांक दिए हैं।

14. वित्तीय स्थिरता को प्रबल बनाने के लिए मैंने विवेकपूर्ण उपायों के प्रयोग का उल्लेख किया था। आरबीआई ने इन उपायों का प्रयोग तब कर लिया था जब इनका प्रचलन ही नहीं था। बाजार में उठने वाले बुलबुलों से सहज ही प्रभावित हो जाने वाली आस्तियों के लिए एक्सपोजर हेतु उच्चत्तर जोखिम भारांक और उच्चत्तर मानक आस्ति प्रावधानीकरण एक ऐसा ही उदाहरण है। इसलिए हमने पूँजी बाजार एक्सपोजर और वाणिज्यिक भूसम्पदा हेतु उच्चत्तर जोखिम भारांक, हेज रहित विदेशी मुद्रा एक्सपोजर के लिए अतिरिक्त पूँजी, आदि रखे हुए हैं। गिरवी आधारित कर्जों के लिए कर्ज - मूल्य अनुपात (एलटीवी) नामक एक अन्य बृहद् विवेकपूर्ण उपाय का प्रयोग विशेष रुप से किया जाता है।

15. वित्तीय प्रणाली में अन्त: सम्बद्धता के कारण पैदा होने वाले व्यापक जोखिमों से निपटने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक ने कई उपाय किए हैं। इनमें अन्य बातों के साथ-साथ सकल अन्तर-बैंक देयताओं और क्रॉस-होल्डिंग पर विवेकपूर्ण सीमाएं, जटिल क्रियाकलापों और उत्पादों के एक्सपोजर पर प्रतिबंध, वित्तीय संगुटों की निगरानी, उभयनिष्ठ एक्सपोजरों की निगरानी (संवेदनशील क्षेत्र), सेन्ट्रल पार्टियों तथा कारोबारी रिपॉजिटरियों के जरिए ओटीसी लेन-देन में पारदर्शिता बढाना और जोखिम कम करना और गैर बैंकिंग वित्तीय प्रतिष्ठानों के लिए पर्यवेक्षी तथा विनियामक फ्रेमवर्क को मजबूत करना शामिल हैं।

16. जब भी कोई भारतीय बैंकिंग प्रणाली के बारे में बात करता है, तो दबावग्रस्त आस्तियों का मुद्दा सामने आ जाता है। बेशक, भारत में बैंकिंग प्रणाली में खास तौर पर सरकारी क्षेत्र के बैंकों में दबावग्रस्त आस्तियों की समस्या गंभीर चिंता का विषय है। सन 2015-16 में की गयी आस्ति गुणवत्ता समीक्षा से बैंकों के तुलन-पत्रों में दबाव को उचित रुप से पहचानने की क्षमता आई और अब हम इनके लिए पर्याप्त प्रावधान करने की प्रक्रिया में हैं। जैसा कि मेरे साथी डॉ. विरल आचार्य ने अपने एक व्याख्यान[2] में कहा था, बैंक तुलनपत्र की मजबूती और उसकी क्रेडिट संवृद्धि के बीच प्रगाढ़ सह-सम्बन्धों के पुख्ता प्रमाण हैं। निजी क्षेत्र के बैंकों और विदेशी बैंकों की तुलना में सरकारी क्षेत्र के बैंकों की क्रेडिट संवृद्धि में उल्लेखनीय रुप से न्यूनतर संवृद्धि के रुप में सरकारी क्षेत्र के बैंकों के कमजोर तुलन-पत्र का प्रभाव बहुत स्पष्ट है। सरकारी क्षेत्र के बैंकों की पूँजी आधार को मजबूत बनाने के विभिन्न तरीकों का परीक्षण हम कर रहे हैं, ताकि वे अपनी लेंडिंग को बढा सकें और इस प्रकार आर्थिक संवृद्धि में योगदान करें। डॉ. आचार्य ने जिस सह-संबंध का उल्लेख किया है, उसके अलावा मेरा यह भी मानना है कि मजबूत तुलन-पत्र बैंकों को दबावग्रस्त आस्तियों से बेहतर तरीके से निपटने के लायक बनाता है। अन्य कारकों के अलावा पूँजी की अड़चनें बैंकिंग प्रणाली और आमतौर पर अर्थव्यवस्था के लिए बेहतर वैल्यू प्रदान कर सकने वाली सामायिक कारवाई आरंभ करने की बजाय दबाव को समझने अथवा इष्टतम से इतर पुनर्रचना में देरी की तरफ ले जाती हैं। ऐसा इसलिए कि सदाबहार रखना, अव्यावहारिक पुनर्रचना बहुधा सही समाधानों को स्थापित करके समस्या को बढ़ा देता है। इस संदर्भ में अनुमानित हानि मॉडल पर आधारित वैश्विक मानकों जैसे प्रावधान करने वाली प्रणाली आगामी मार्ग होगा।

दिवाला और ऋणशोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के तहत दबावग्रस्त बड़ी आस्तियों का उल्लेख हुआ है जो इनके समाधान की दिशा में एक प्रमुख प्रेरणा है। आप पहले ही से

[2] 7 सितंबर 2017 को मुंबई में इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फिनांस द्वारा आयोजित 8वें आर. के. मेमोरियल लेक्चर में दिया गया भाषण।

जानते है कि बैंकिंग विनियमन अधिनियम में संशोधन के माध्यम से आरबीआई को अतिरिक्त शक्तियां प्रदान की गई हैं। इसी के तहत हमने जून 2017 में बैंकों को निर्देश दिए थे कि 12 मामलों को आईबीसी के तहत भेजा जाए और इसके बाद कुछ और मामलों के लिए भी कहा। ये 12 मामले राष्ट्रीय कम्पनी विधि अधिकरण एनसीटीएल के तहत विभिन्न अवस्थाओं में हैं और हमारा विश्वास है कि बैंकों के क्रेडिट पोर्टफोलियों में चूक को देखते हुए दिवाला और ऋणशोधन अक्षमता के लिए प्रबल संहिता क्रेडिट गुणवत्ता में सुधार करेगी और हानि को कम करेगी। इसमें कुछ समय लग सकता है, लेकिन मुझे विश्वास है कि यह बैंकिंग प्रणाली को मजबूती से पैर जमाने मे सक्षम बनाएगी; आमतौर पर उनकी आघात सहने की क्षमता और इससे भी आगे बढ़ते हुए खासतौर पर ऋण प्रदान करने की उनकी क्षमता बढ़ाने में।

इसके अलावा, इसी सन्दर्भ में यह भी माना जाता है कि दबावग्रस्त आस्तियों अथवा आईबीसी के तहत भेजे जाने वाले मामलों के संबंध में आरबीआई द्वारा निर्धारित प्रावधानीकरण के मानदंड जरूरत से ज्यादा कठोर हैं। अब मैं बताता हूँ कि आईबीसी के तहत भेजे गए मामलों के मद्देनज़र प्रावधानीकरण की अपेक्षा के संबंध में क्या तर्क हैं। आमतौर पर आईबीसी के तहत संदर्भित मामले संभवत: वे होते हैं जिनकी पुनर्रचना आईबीसी से हटकर नहीं की जा सकती। दबावग्रस्त आस्तियों की पुनर्रचना की योजना S4A में निर्धारित है जिसके तहत न्यूनत्तम संधारणीय ऋण 50 प्रतिशत होना चाहिए। इसलिए तर्कसम्मत तो केवल यही है कि आईबीसी के तहत संदर्भित मामलों के लिए प्रावधान कम से कम 50 प्रतिशत हो। यह नहीं कहा जा सकता कि आईबीसी को मामले भेजने के फलस्वरूप 50 प्रतिशत की वसूली होगी या कम की। सम्भावित हानि के लिए प्रावधान होते हैं और यदि प्रावधान में किए गए निर्धारण से अधिक वसूली हो जाती है, तो ऐसे मामलों में बैंक राइट-बैक कर सकते हैं। इसके अलावा, भारत में बैंकों द्वारा एनपीए के लिए वैश्विक परिपाटियों की तुलना में काफी उच्चतर प्रावधान करने की जरूरत है।

बात समाप्त करने से पहले मैं अपने से पहले के वक्ताओं द्वारा उठाए गए कुछेक मुद्दों पर बात करना चाहूँगा। अभी तक मैंने इन पर कोई चर्चा नहीं की है। ऐसा कहा गया कि रिज़र्व बैंक द्वारा उच्च ब्याज-दर लगाया जाता है और इसे नियंत्रित करने का सुझाव दिया गया। हम सभी सहमत होंगे कि विनियामक द्वारा निर्धारित ब्याज दरों के दिन काफी पीछे छूट गए हैं और 'अंतराल' के रुप शामिल करने सहित इस दिशा में कोई भी प्रयास बाज़ार के लिए ठीक नहीं होगा। हालांकि, हम जिस लक्ष्य पर आगे बढ़ रहे हैं, वह है ब्याज दर निर्धारण में पारदर्शिता लाना और मौद्रिक नीति के निर्णयों को समुचित संचरण सुनिश्चित कराना। आधार दर की तरफ से ऋण देने की दरों को निधियों की सीमांत लागत पर आधारित एमसीएलआर की तरफ बढ़ने का प्रयास इसीलिए था कि निधियों की लागत में मामूली परिवर्तनों को ढक देने वाले औसत से बचा जाए। हालांकि, एमसीएलआर प्रणाली के क्रियान्वयन की समीक्षा हेतु आंतरिक अध्ययन समूह की रिपोर्ट में बाह्य बेन्चमार्क को ग्राहकों के लिए ब्याज-दर निर्धारण के आधार के तौर पर सुझाया गया है। इससे ब्याज दरों का निर्धारण और भी पारदर्शी बन जाएगा। प्रतिस्पर्धा एकमात्र तरीका है जो यह सुनिश्चित कर सकता है कि 'अंतराल' औचित्यपूर्ण है या नहीं। आप जानते ही हैं कि इस बारे में रिज़र्व बैंक ने हाल ही में दो नए युनिवर्सल बैंकों और 10 नए लघु वित्त बैंकों (एसएफबी) को लाइसेंस दिए हैं।

युनिवसर्ल बैंक लाइसेन्सिंग को दूसरा मुद्दा एमएसएमई के वित्तपोषण से संबंधित था। मैं यह उल्लेख करना चाहूँगा कि रिज़र्व बैंक ने ऐसा इकोसिस्टम स्थापित किया है जो एमएसएमई क्षेत्र को क्रेडिट प्रवाह सुनिश्चित करता है और उनकी वित्तीय जरूरतों को पूरा करता है। दस लघु वित्त बैंकों को इस अधिदेश के साथ लाइसेन्स दिया गया है कि वे अपने 50 प्रतिशत ऋणों का आकार 25 लाख रुपये रखते हुए प्राथमिकता क्षेत्र को 75 प्रतिशत के ऋण का लक्ष्य प्राप्त करें। सूक्ष्म और लघु उद्यमों हेतु क्रेडिट गारंटी फन्ड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई) (एमएसएमई) क्षेत्र की दबावग्रस्त आस्तियों से निपटने के लिए विशिष्ट अनुदेश, ट्रेड रिसीवेबल डिस्काउंटिंग सिस्टम, आदि सभी उपाय उसी एमएसएमई हितैषी इकोसिस्टम का हिस्सा हैं जिसका उल्लेख मैंने किया है।

देवियो और सज्जनो, मैं अपनी बात यहीं समाप्त करूंगा। जैसा कि मैने आरंभ में ही कहा था, वित्तीय स्थिरता को परिभाषित करना कठिन है। किसी एकीकृत अर्थव्यवस्था में वित्तीय अस्थिरता के किसी एक स्रोत को निर्धारित कर पाना कठिन है। वैश्विक संकट के बाद मानक निर्धारक निकायों ने आमतौर पर सुदृढ़ वित्तीय प्रणाली और विशेष रुप से सुदृढ़ बैंकिंग प्रणाली की तरफ बढना शुरू किया। इस बात के मद्देनज़र

कि भारत में वित्तीय प्रणाली पर बैंकों का आधिपत्य है, मैंने भी आमतौर पर बैंकिंग प्रणाली के लिए वैश्विक विनियामक फ्रेमवर्क और हमारे द्वारा भारत में इसे लागू करने पर फोकस किया है। सुदृढ़ बैंकिंग प्रणाली में अन्य चैनलों से पैदा होने वाली वित्तीय अस्थिरता का सामना करने की सहनशक्ति होती है। इसके अलावा, बैंकों को मजबूत बने रहने की जरूरत है, ताकि वे स्वयं ही वित्तीय अस्थिरता का कारण न बन जाएं। विनियमों से बैंकिंग प्रणाली को प्रतिरोधी क्षमता मिलती है जो उन्हें सुदृढ़ और सहनशील बनाती है, ताकि वे स्वयं कमजोर न हों और साथ ही, अर्थव्यवस्था के अन्य हिस्सों से पैदा होने वाली वित्तीय अस्थिरता को सहने में सक्षम रहें। रिज़र्व बैंक हमेशा से अपने विनीयामकीय और पर्यवेक्षी फ्रेमवर्क के माध्यम से ऐसी ही बैंकिंग प्रणाली तैयार करने की दिशा में कार्यरत है।

धन्यवाद।

लेख

भारत में किफ़ायती आवासन

*भारत में किफ़ायती आवासन**

बहुत तेज शहरीकरण और नगरों की तरफ प्रवास ने भारत के शहरों में, खासकर आर्थिक रूप से कमजोर तबकों के लिए आवासन की बड़ी समस्या पैदा कर दी है। इस संदर्भ में सरकार और भारतीय रिज़र्व बैंक ने किफायती आवासन को गति देने के लिए कई प्रयास किए हैं। यही नहीं सन 2016-17 में ऋण संवितरणों के साथ-साथ किफायती आवासन खंड में नई परियोजनाओं की शुरुआत करने में तीव्र बढ़ोतरी हुई, लेकिन गैर-निष्पादक आवास ऋणों में, खासकर आवास ऋणों के न्यूनतर स्लैबों में, बढ़ोतरी हुई। यद्यपि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आवासन को किफायती बनाने में क्रेडिट-संबद्ध उपदान स्कीम को प्रभावी पाया गया, तथापि इस क्षेत्र के आगामी विकास के लिए शहरी क्षेत्रों में भूमि की अनलॉकिंग एक बड़ी चुनौती के तौर पर है।

भाग 1: परिचय

भारत में तेजी से हो रहे शहरीकरण ने शहरी भीड़-भाड़, पानी और सैनिटेशन जैसी बुनियादी सुविधाओं पर दबाव डाला है और सबसे अहम बात यह कि कम कीमत वाली श्रेणी में शहरों में आवासों की भारी कमी ने विकास के लिए चुनौतियों को जन्म दिया है। अत्यधिक प्रतिलाभ के चलते रीयल एस्टेट निर्माता और निजी खिलाड़ी मध्यम आय वर्ग और उच्च आय वर्ग पर अपना ध्यान बनाए रखते हैं। इसके अलावा भूमि की अत्यधिक लागत, परियोजनाओं के अनुमोदन में देरी, कच्चे माल की बढ़ती लागत, लाभ की कम गुंजाइश ने भी कम कीमत वाली आवासन परियोजनाओं को निजी रियल्टी निवेशकों और निर्माताओं के लिए कम आकर्षक बना दिया है।

मांग और आपूर्ति के इस अंतराल को पूरा करने के लिए भारत सरकार ने हाल ही में बड़े प्रयास आरंभ किए हैं ताकि भारत में किफायती आवासन को गति प्रदान की जा सके। इसके साथ ही भारतीय रिज़र्व बैंक ने भी कई उपाय शुरू किए हैं। हाल ही की अवधि में किफायती आवासन पर दिए जाने वाले ध्यान में बढ़ोतरी की दृष्टि से इस आलेख में किफायती आवासन के विभिन्न आयामों के अध्ययन का प्रयास किया गया है। शेष आलेख को छह भागों में विभाजित किया गया है। भाग 2 में आवासन को किफायती बनाने के विभिन्न उपायों और किफायती आवासन के लिए नीति निरूपण में अंतरराष्ट्रीय अनुभवों पर चर्चा की गई है। भाग 3 में भारत में किफायती आवासन की जरूरत और इस क्षेत्र को गति प्रदान करने के लिए भारत सरकार और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा उठाए गए कदमों पर प्रकाश डाला गया है। भाग 4 में आवास को दिए जाने वाले क्रेडिट के डाटा पर आधारित शैलीकृत तथ्यों का वर्णन है। आवासन को किफायती बनाने के लिए क्रेडिट सम्बद्ध उपदान स्कीम के प्रभावों का अनुभवजन्य आकलन भाग 5 में दिया गया है। भाग 6 में भारत में किफायती आवासन क्षेत्र के सामने आ रही प्रमुख चुनौतियों में से कुछ का वर्णन किया गया है।

भाग 2: अंतरराष्ट्रीय अनुभव

आवासन के किफायती होने का आकलन करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न विधियां अपनाई जाती हैं :

(i) *व्यय विधि अथवा आवासन लागत का बोझ :* किफायत का आकलन करने के लिए परिवार की आय और आवासन व्यय के अनुपात का प्रयोग किया जाता है। आवासन व्यय में आय से संबंधित सभी लागत कवर की जाती हैं, जिनमें किराया, गिरवी रकम की चुकौती, उपयोगिताओं और रखरखाव लागत को शामिल किया जाता है। यदि यह अनुपात किसी अधिकतम निर्धारित मान से कम है तो आवासन यूनिट को किफायती के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। इस अधिकतम मान का चयन विवेकसम्मत होता है, हालांकि एक सामान्य नियम के तौर पर इसे 30 प्रतिशत मान दिया जाता है।

(ii) *माध्यक गुणक संकेतक :* इस पद्धति में माध्यक गृह कीमत को माध्यक हाउसहोल्ड वार्षिक आय से विभाजित कर दिया जाता है, ताकि आवासन की किफायत का आकलन किया जा सके। किफायती आवासन का कई देशों में सर्वे कर चुकी डेमोग्राफिया इन्टरनेशनल नामक संस्था का यह मानना है कि यदि कीमत और आय का अनुपात 3 से कम है तो आवासन यूनिट किफायती है।

(iii) *आवासन और परिवहन (एच+टी) :* इस पद्धति में किफायत का आकलन करने के लिए आवासन

* यह आलेख डॉ. अत्री मुखर्जी के मार्गदर्शन में भारतीय रिज़र्व बैंक के आर्थिक नीति और अनुसंधान विभाग के संरचनात्मक मामले प्रभाग में कार्यरत श्री अजेश पलाई और श्री नलिन प्रियरंजन द्वारा तैयार किया गया। आलेख में व्यक्त विचार लेखकों के निजी विचार हैं और ये भारतीय रिज़र्व बैंक के दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व नहीं करते।

लागत में परिवहन लागत को भी शामिल कर लिया जाता है। इसके पीछे विचार यही है कि शहरों में भीड़-भाड़ की वजह से शहर के सेन्टर से मानव-बस्तियां काफी दूर होने लगी है, जिसके कारण आवागमन लागत में बढ़ोतरी और लगने वाला समय बढ़ जाता है (हामिदी तथा अन्य, 2016)।

सन 2000-2016 की अवधि में समस्त संसार में आवासन की कीमतों में बढ़ोतरी की प्रवृत्ति रही, जिस पर 2008-09 के वैश्विक वित्तीय संकट ने अस्थायी प्रभाव डाला, जिसमें भारत का सामान्य आवासन कीमत सूचकांक अधिकतम गति से ऊपर उठा (चार्ट I)। इस घटना ने विभिन्न देशों को लक्ष्यबद्ध नीतिगत कार्रवाई करने के लिए प्रेरित किया ताकि आर्थिक रूप से कमजोर तबकों को किफायती आवासन प्रदान किया जा सके। इस संबंध में अलग-अलग देशों से प्राप्त सीख से उपयोगी अन्तर्ज्ञान मिलता है। चुनिंदा देशों, यथा संयुक्त राज्य, आस्ट्रेलिया और चीन (जिनके लिए विस्तृत जानकारी उपलब्ध है) द्वारा किफायती आवासन के लिए अपनाई गई नीति पर निम्नानुसार विचार किया गया है:

संयुक्त राज्य अमेरिका

संयुक्त राज्य (यूएस) में दि डिपार्टमेन्ट ऑफ हाउसिंग एन्ड अर्बन डेवलपमेन्ट (एचयूडी) द्वारा किफायती आवासन को परिभाषित करने के लिए व्यय पद्धति अपनाई जाती है, जिसके तहत आवासन को तब किफायती माना जाता है, यदि उसकी लागत हाउसहोल्ड की आय के 30 प्रतिशत से कम हो। इसका अनुमान है कि 12 मिलियन किराएदार और मकान मालिक परिवार हैं जो अपनी वार्षिक आय का 50 प्रतिशत से अधिक आवासन पर व्यय करते हैं, और भोजन, कपड़ा, परिवहन और मेडिकल सुविधा जैसी अनिवार्य सेवाएं हासिल करने में कठिनाइयों का सामना करते हैं। यूएस में किफायती आवासन कार्यक्रमों को फेडरल और राज्य सरकार दोनों के द्वारा प्रायोजित किया जाता है।

(i) हाउसिंग च्वाइस वाउचर (एचसीवी) कार्यक्रम के तहत एचयूटी द्वारा पब्लिक हाउसिंग एजेन्सियों (पीएचए) को फन्ड प्रदान किए जाते हैं ताकि पात्र परिवारों को किराया उपदान दिया जा सके। किसी परिवार को मिलने वाली अधिकतम सहायता की राशि मानक किराए[1] की रकम में से समायोजित मासिक आय की 30 प्रतिशत रकम को घटाने के बराबर रहती है। इसमें सहभागियों, यथा - किराएदारों, मकान मालिकों और पीएचए के बीच करार किया जाना भी शामिल रहता है। हालांकि आवासन लागत प्रभावित एचसीवी परिवारों की संख्या 2003 में 517,655 थी जो कि 52 प्रतिशत बढ़कर 2015 में 786,958 हो

चार्ट 1: सामान्य आवासन कीमत सूचकांक



टिप्पणी: आधार वर्ष 2010=100
स्रोत: ओईसीडी ।

[1] भुगतान का मानक अर्थात वह धनराशि जो किसी स्थानीय आवासीय बाजार में किसी सामान्य कीमत वाली आवासीय इकाई को किराये पर देने के बदले मांगी जाती है।

गई, जिसका प्राथमिक कारण आय और आवासन बाजार चक्रों में अंतर होना था (एचयूडी, 2017)।

(ii) निम्न आय हाउसिंग टैक्स क्रेडिट (एलआईएचटीसी) कार्यक्रम 1986 में शुरू हुआ था ताकि परियोजना आधारित किफायती किरायेदारी आवासन उपलब्ध कराए जा सके। इसके तहत प्रतिबंधित किराए[2] और कब्जेदारी[3] की शर्तों सहित निम्न आय वाले परिवारों को लाभ देने के लिए किफायती आवासन परियोजनाओं के डेवलेपर्स को टैक्स क्रेडिट दिया जाता है। सन 1995 से 2015 के दौरान इस कार्यक्रम की 30,693 परियोजनाओं में 2.3 मिलियन आवासन यूनिटों की व्यवस्था की गई। निम्न आय वाले क्षेत्रों में एलआईएचटीसी परियोजनाओं का सकारात्मक प्रभाव रहा, जिससे मकान मालिकों और किराएदारों की खुशहाली में बढ़ोतरी हुई (डायमन्ड तथा अन्य, 2015).

ऑस्ट्रेलिया

ऑस्ट्रेलिया में आवासन का दबाव[4] झेल रहे परिवारों का अनुपात 2007-08 के 15.4 प्रतिशत से बढ़कर 2013-14 में 17.7 प्रतिशत हो गया। आवासन दबाव की समस्या से निपटने के लिए किराए और मकान मालिकों की सहायता के तौर पर किफायती हाउसिंग स्कीमों को फेडरेल और राज्य दोनों के द्वारा प्रयोजित किया जाता है। कॉमनवेल्थ रेन्ट असिसटेन्स (सीआरए) और फेडरल सरकार की नेशनल रेन्टल अफोर्डेबिलिटी स्कीम (एनआरएएस) के तहत उद्देश्य यही रहता है कि पात्र परिवारों के लिए किराएदारी की लागतों को बाजार दरों से कम-से-कम 20 प्रतिशत कम करा दिया जाए। एनआरएएस आपूर्ति पक्ष का हस्तक्षेप है, जिसमें आवासन प्रदाताओं और निर्माताओं को 10 साल की अवधि तक वार्षिक वित्तीय प्रोत्साहन दिया जाता है ताकि वे जनता को किफायती किराए पर आवासन उपलब्ध कराने में सक्षम हो सके। दूसरी तरफ सीआरए मांग पक्ष पर किया जाने वाला हस्तक्षेप है, जो पात्र परिवारों को टैक्स-रहित आय अंतरण के रूप में किराए की सुविधा प्रदान करता है। फेडरल और राज्य सरकारों ने 2015-16[5] के दौरान किफायती आवासन पर लगभग 10 बिलियन अमरीकी डॉलर खर्च किए। एनआरएएस का प्रभाव काफी उल्लेखनीय रहा क्योंकि इसे लागू करने से आवासन दबाव झेलने वाले परिवारों की संख्या में कमी हुई (एएचयूआरआई, 2009)।

राज्यों में, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में हाउसिंग अथॉरिटी ने किफायती आवासन की कमी की समस्या से निपटने के लिए अलग-अलग कार्यक्रम शुरू किए हैं - यथा किराया उपदान, हाउसिंग अथॉरिटी के साथ आवासों का साझा-मालिकाना हक[6]। सीआरए और एनआरएएस का लक्ष्य केवल किराए में किफायत लाना है, जबकि हाउसिंग अथॉरिटी किराए और मकान का स्वामित्व दोनों ही के लिए सहायता देती है।

चीन

सन 1978 से पहले चीन में आवासन यूनिटों को लोक नियोक्ताओं द्वारा बनवाकर मुफ्त वितरित किया जाता था। आवासन क्षेत्र को अधिकाधिक बाजार उन्मुख बनाने के लिए तब से काफी सुधार किए गए है (शुई, 2013)। इस समय चीन की सरकार आवास खरीदने के लिए उपदान सहित कर्ज के माध्यम से किफायती आवासन और किफायती सरकारी किराए का ऑफर देकर आवास प्रदान करती है, जिसके तीन प्रमुख कार्यक्रम निम्नानुसार हैं:

(i) *किफायती और सुविधापूर्ण आवासन (ईसीएच)* कार्यक्रम के तहत स्थानीय सरकार भवन निर्माताओं को अनुमोदित दरों पर भूमि प्रदान करती है ताकि निर्माता द्वारा आवासन इकाइयां रियायती कीमतों पर पात्र निम्न और मध्यम आय वर्ग के परिवारों को बेची जा सकें। ऐसे आवास के लिए निर्माण और लाभ का मार्जिन सरकार द्वारा नियंत्रित है। सन 2010 में ईसीएच के तहत आवास का हिस्सा कुल आवासन स्टॉक का 3.4 प्रतिशत था।

(ii) आवासन भविष्य निधि योजना के तहत कर्मचारी और नियोक्ता दोनों मिलकर कर्मचारी के वेतन

[2] इन इकाइयों पर वार्षिक किराया संबंधित आय सीमा के 30 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकता।

[3] इसके कम से कम 20 प्रतिशत किरायेदार ऐसे होने चाहिए जिनकी आय क्षेत्रीय माध्य सकल आय (एजीएमआई) के 50 प्रतिशत से कम हो या वैकल्पिक रूप से, कम से कम 40 प्रतिशत किरायेदार ऐसे होने चाहिए जिनकी आय एजीएमआई के 60 प्रतिशत से कम हो।

[4] ऐसे हाउसहोल्ड जो अपनी सकल हाउसहोल्ड आय के 30 प्रतिशत से अधिक धनराशि आवास पर खर्च करते हैं।

[5] किफायती आवासन की आपूर्ति को सुधारने के लिए वित्तपोषण के नवोन्मेषी मॉडल पर ऑस्ट्रेलियन सरकार की रिपोर्ट, अक्टूबर 2016.

[6] आवासीय प्राधिकरण जो भूखण्ड के विकास, गृह निर्माण और संपत्ति प्रबंधन का कार्य करते हुए किफायती आवास उपलब्ध कराता है। यह पश्चिमी आस्ट्रेलिया राज्य में कार्यरत बाजार आधारित एक सांविधिक प्राधिकरण है जो वर्तमान में सामुदायिक विभाग का एक अंग है।

का कुछ हिस्सा सरकारी स्वामित्व वाले बैंक में जमा करते हैं। बदले में कर्मचारी अपना घर खरीदने के लिए कम लागत वाला आवास ऋण प्राप्त कर सकते हैं।

(iii) *सस्ता किराया आवास स्कीम* के तहत सरकार द्वारा निम्न आय वाले परिवारों को किराये में सहायता दी जाती है।

इन देशों के अनुभव से ज्ञात होता है कि किफायती आवासन को बढ़ावा देने के लिए सरकार का प्रतिसाद लगभग सभी देशों में बाजार की सहभागिता को बढ़ावा देने वाला है। सरकार की नीतियों को मोटे तौर पर दो वर्गों में रखा जा सकता है : आपूर्ति पक्ष और मांग पक्ष में हस्तक्षेप करते हुए। आपूर्ति पक्ष वाले उपायों में किफायती आवासन परियोजना को हाथ में लेने के लिए निर्माताओं और निवेशकों को बढ़ावा दिया जाता है, जबकि मांग पक्ष के उपायों में किराये और गिरवी आधारित उपदानों के रूप में परिवारों को प्रोत्साहन दिया जाता है।

भाग 3: भारतीय अनुभव

भारत में किफायती शहरी आवासन की जरूरत

शहरी आवासन में कमी (2012) से संबंधित तकनीकी समूह (टीजी-12) की रिपोर्ट के अनुसार भारत के शहरी आवासन में मांग और आपूर्ति के बीच भारी अंतराल है। भारत में आवासन की कुल कमी का 96 प्रतिशत आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्लूएस) और निम्न आय वर्ग (एलआईजी) से संबंधित है (तालिका 1)।

तालिका 1: भारत में शहरी आवासन में कमी के आकलन का संविभाजन (मिलियन)

कारक	2012 के अंत की स्थिति
कच्चे घरों में रहने वाले परिवार सुविधाविहीन	0.99
जीर्ण-शीर्ण घरों में रहने वाले परिवार	2.27
घनी बनावट वाले घरों में रहने वाले परिवार	14.99
गृह विहीन	0.53
शहरी आवासन की कुल कमी	**18.78**
I. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग	10.55 (56%)
II. निम्न आय वर्ग	7.41 (40%)
III. मध्यम और उच्च आय वर्ग	0.82 (4%)

टिप्पणी: कोष्ठकों में दिए गए मान प्रतिशत हिस्सा हैं।
स्रोत: शहरी आवासन में कमी के आकलन पर तकनीकी समूह (टीजी-12) की रिपोर्ट, 2012, आवास और शहरी गरीबी उन्मूलन मंत्रालय।

मैकेंज़ी रिपोर्ट (2010) के अनुसार सन 2030 तक भारत की जनसंख्या का 40 प्रतिशत भाग शहरों में आ जाएगा जिसमें 68 शहर (वर्तमान के 42) दस लाख से अधिक की आबादी वाले हो जाएंगे (चार्ट 2)। इसका अनुमान है कि किफायती आवासन की मांग 2012 में 19 मिलियन थी जो 2030 में बढ़कर 38 मिलियन हो जाएगी।

किफायती आवासन को बढ़ाने के प्रयास

यद्यपि कई वर्षों (राष्ट्रीय आवासन नीति, 1994; जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन, 2005;

चार्ट 2: भारत में शहरीकरण की दर



स्रोत: मेक्केन्सी ग्लोबल इंस्टीट्यूट।

राजीव आवास योजना 2013 के माध्यम) से कम लागत वाले आवासन प्रदान करने के प्रयास किए जा रहे थे, लेकिन 2015 में प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) की शुरुआत से एक नया बल मिला - प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी में पहले की सभी शहरी आवासन स्कीमों को समाहित कर लिया गया और 'सब के लिए घर' के लक्ष्य को 2022 तक प्राप्त करना इसका उद्देश्य है। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) में 20 मिलियन आवासों की कमी को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस मिशन के चार घटक हैं:



(i) यथास्थान झोपड़पट्टी पुनर्विकास (आईएसएसआर): भूमि का संसाधन के तौर पर उपयोग करते हुए इस स्कीम का उद्देश्य है सरकारी/ निजी भूमि पर विद्यमान झोपड़पट्टियों का पुनर्विकास करते हुए पात्र स्लम निवासियों को घर प्रदान करना। इस स्कीम के तहत राज्यों/ संघ शासित क्षेत्रों के आयोजना और कार्यान्वयन प्राधिकरणों को केन्द्र सरकार द्वारा प्रत्येक घर पर एक लाख रुपये का अनुदान दिया जाता है।

(ii) क्रेडिट-सहबद्ध स्कीम (सीएलएसएस): इस स्कीम के तहत ईडब्ल्यूएस, एलआईजी और एमआईजी परिवारों को घर खरीदने के लिए सरल संस्थागत क्रेडिट प्रदान किया जाता है, इसमें प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों (पीएलआई) के माध्यम से उधारकर्ता के खाते में सीधे ही ब्याज सब्सिडी क्रेडिट कर दी जाती है जिससे आवासन ऋण और समानकृत मासिक किस्तें (ईएमआई) काफी कम हो जाती हैं (तालिका 2).

तालिका 2: क्रेडिट संबद्ध उपदान स्कीम

प्रकार	आय (वार्षिक)	ब्याज उपदान (%)	ऋण की रकम (₹ लाख)	कारपेट एरिया (वर्ग.मी.)
आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग (ईडब्ल्यूएस)	₹3 लाख तक	6.5	6	30
निम्न आय वर्ग (एलआईजी)	₹3 से 6 लाख	6.5	6	60
मध्यम आय वर्ग (एमआईजी-I)	₹6 से 12 लाख	4	9	120
मध्यम आय वर्ग (एमआईजी-I)	₹12 से 18 लाख	3	12	150

टिप्पणी: एमआईडी-I और एमआईजी-II के तहत उपदान की पात्रता हेतु जनवरी 2017 से घरों के कारपेट एरिया को 90 और 110 वर्ग मीटर से बढ़ाकर क्रमशः 120 और 150 वर्ग मीटर कर दिया गया है।
स्रोत: आवासन और शहरी गरीबी उन्मूलन मंत्रालय।

(iii) साझेदारी में किफायती आवासन (एएचपी): इसका उद्देश्य निजी भवन निर्माताओं को वित्तीय सहायता प्रदान करना है, ताकि किफायती आवासन परियोजनाओं में निजी सहभागिता को बढ़ावा दिया जा सके; जिन निजी परियोजनाओं में कम-से-कम 35 प्रतिशत घरों का निर्माण ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए किया जा रहा है, उनमें प्रत्येक ईडब्ल्यूएस घर के लिए 1.5 लाख रुपये की दर से केन्द्रीय सहायता दी जाती है।

(iv) लाभ भोगी-संचालित निर्माण या सुधार: इस स्कीम में ईडब्ल्यूएस/एलआईजी वर्ग को विद्यमान घरों के विस्तार अथवा नव-निर्माण के लिए प्रति परिवार 1.5 लाख रुपये की सहायता दी जाती है।

किफायती आवासन के लिए केन्द्र सरकार के आक्रामक प्रयास का प्रमाण अप्रैल 2017 से पीएमएवाई-यू के तहत पूरे हुए घरों के स्टॉक में तीन गुनी बढ़ोतरी से मिल जाता है (तालिका 3).

तालिका 3: पीएमएवाई-यू में प्रगति

यथास्थिति	विचार किए गए परियोजना प्रस्ताव	वित्तीय प्रगति (करोड़ ₹)			भौतिक प्रगति (संख्याएं)		
		परियोजनाओं में निवेश	निहित केन्द्रीय सहायता	प्रदत्त केन्द्रीय सहायता	निहित घर	निर्माण हेतु नींव डाले गए घर	पूरे किए गए घर
जनवरी 3, 2017	2,691	72,030.87	19,632.58	4,463.70	13,28,295*	2,13,187	
अप्रैल 3, 2017	3,735	95,660.05	27,879.15	7,820.10	17,73,052	5,35,769	92,308
जुलाई 31, 2017	5,147	1,27,480.16	37,270.84	11,451.89	23,92,061	9,93,278	1,57,106
अक्तूबर 3, 2017	5,974	1,54,180.15	44,278.49	12,065.85	28,57,321	11,50,783	2,00,096
दिसंबर 4, 2017	6,671	1,72,293.56	49,537.19	12,764.47	31,99,267	14,08,537	2,88,963

टिप्पणी: *केवल ईडब्ल्यूएस शामिल।
स्रोत: आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय।

सन 2017-18 के संघीय बजट में किफायती आवासन को बढ़ाने के लिए बहुत से उपायों की घोषणा हुई, जो इस प्रकार थे - (i) किफायती आवासन को अवसंरचना का दर्जा देना; (ii) किफायती आवासन के प्रमोटर्स को परियोजना पूरी करने हेतु समय तीन साल से बढ़ाकर पांच साल करना; (iii) निर्मित लेकिन अनबिकी यूनिटों के संबंध में नोशनल किराया-आय पर निर्माताओं को कर-भुगतान हेतु एक साल का समय देना; (iv) किफायती आवासन से दीर्घावधि पूंजीगत लाभ के लिए समयावधि को तीन साल से घटाकर दो साल करना; (v) किफायती आवासन हेतु योग्यता मानदंड का संशोधन करके बिक्री योग्य एरिया को कारपेट एरिया में बदलना; (vi) एमआईजी के लिए नए सीएलएसएस की घोषणा करते हुए ₹1,000 करोड़ का प्रावधान; और (vii) किफायती आवासन खंड के लिए व्यक्तिगत ऋणों के लिए राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा पुनर्वित्त सुविधा।

केन्द्र सरकार के अलावा मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और गुजरात राज्यों की सरकारों ने ईडब्ल्यूएस, निम्न आय और मध्यम आय समूहों के लिए आवासन पर लगाई जाने वाली स्टैम्प ड्यूटी की दरों में रियायत देकर किफायती आवासन को बढ़ावा दिया है।

विभिन्न प्रोत्साहनों, उपदानों, कर-लाभ और सबसे खास बात संस्थागत निधीयन के माध्यम से भवन-निर्माताओं को प्रोत्साहक उपायों से संभावना है कि भारत में किफायती आवासन खंड की संवृद्धि बढ़ेगी। किफायती आवासन को अवसंरचना अवस्थिति प्रदान करने से भवन निर्माताओं को विभिन्न चैनलों यथा बाह्य वाणिज्यिक उधारों (ईसीबी), विदेशी उद्यम पूंजी निवेशकों (एफवीसीआई) और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) से निधियां जुटाने में मदद मिलेगी।

किफायती आवासन को बढ़ावा देने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक ने कई नीतिगत उपाय किए हैं। पहला यह कि जुलाई 2014 में रिज़र्व बैंक ने किफायती आवासन ऋणों को प्राथमिकता क्षेत्र-उधारों के तहत पात्र किया और साथ ही छह महानगरीय केन्द्रों (मुंबई, नई दिल्ली, चेन्नई, कोलकाता, बंगलुरू और हैदराबाद) में ₹65 लाख मूल्य तक के घरों के लिए व्यक्तियों को ₹50 लाख तक के ऋणों और अन्य केन्द्रों पर ₹50 लाख मूल्य वाले घरों के लिए व्यक्तियों को ₹40 लाख तक का कर्ज प्रति परिवार प्रति आवासन इकाई खरीद/ निर्माण हेतु निर्धारित किया गया है। दूसरे यह कि इसमें बैंकों को अनुमति दी गई है कि वे किफायती आवासन के ऋणों का वित्त-पोषण करने के लिए दीर्घावधि बॉन्डों (न्यूनतम सात साल की परिपक्वता अवधि) का निर्गम कर सकते हैं और समायोजित निवल बैंक क्रेडिट (एएनबीसी) में इन बॉन्डों की गणना नहीं की जाएगी। तीसरे, यह कि रिज़र्व बैंक ने अक्तूबर 2015 में बैंकों को अनुमति दी कि ₹30 लाख तक की लागत वाली सम्पत्तियों के लिए 90 प्रतिशत तक आवासन ऋण दे सकते हैं।[7] चौथे यह कि आवास ऋणों को सस्ता करने के लिए रिज़र्व बैंक ने प्रावधान करने या जोखिम-भारित मानदंडों को संशोधित किया - और 7 जून 2017 को आवास ऋणों पर मानक आस्ति प्रावधान 0.4 प्रतिशत से घटाकर 0.25 प्रतिशत कर दिया। रिज़र्व बैंक ने अक्तूबर 2017 के अपने मौद्रिक नीति वक्तव्य में यह संकेत किया कि समयबद्ध सिंगल विन्डो क्लीयरेन्स के साथ किफायती आवासन का तेजी से रोल आउट होना और राज्य सरकारों द्वारा उच्च स्टैम्प शुल्क को औचित्यपूर्ण बनाना संवृद्धि में मदद करेगा।

भाग 4: कुछ स्वत:सिद्ध प्रमाण

आवासन ऋणों में बढ़ोतरी

नीतिगत प्रयासों के प्रतिसाद में किफायती आवासन से वर्तमान में भारत में आवास ऋण में बढ़ोत्तरी हो रही है। यद्यपि सरकारी क्षेत्र के बैंकों के साथ-साथ आवासन वित्त कम्पनियों द्वारा आवासन ऋणों के संवितरण में 2016-17 में गिरावट दर्ज हुई, लेकिन निचले स्लैबों में उल्लेखनीय संवृद्धि रही। सन 2016-17 में ₹10 लाख तक के आवास ऋणों में प्रबल संवृद्धि दर्ज हुई, इसका मुख्य हिस्सा सरकारी क्षेत्र के बैंकों का रहा (चार्ट 3).

यद्यपि ₹10 लाख तक की ऋण-राशियों के लाभभोगियों की संख्या सन 2016-17 में तेजी से बढ़ी, तथापि ₹25 लाख से अधिक वाले उच्चतर मूल्य के ऋणों के लाभभोगियों की संख्या में इस वर्ष के दौरान मामूली गिरावट रही (चार्ट 4).

आवास ऋणों का एनपीए अनुपात

किफायती आवासन खंड में ऋण संवितरणों और लाभभोगियों की संख्या में तीव्र बढ़ोतरी के कारण सरकारी क्षेत्र के बैंकों और आवासन वित्त कम्पनियों की गैर निष्पादक आस्तियों का अनुपात सन 2016-17 में कुछ बढ़

[7] पहले यह सुविधा ₹20 लाख तक के ऋणों के लिए उपलब्ध थी।

चार्ट 3: आवासन ऋण की वर्तमान प्रवृत्तियां









स्रोत: राष्ट्रीय आवास बैंक

गया। सभी स्लैबों में देखें तो ₹2 लाख तक के आवास ऋणों में एनपीए का उच्चतम स्तर रहा और विगत दो राजकोषीय वर्षों में एचएफसी की तुलना में सरकारी क्षेत्र के बैंकों ने उच्चतर एनपीए रिपोर्ट किए (तालिका 4).

चार्ट4: खातों की संख्या के अनुसार क्रेडिट संवितरण



स्रोत: राष्ट्रीय आवास बैंक

तालिका 4: आवासन ऋणों के सभी स्लैबों में एनपीए

(प्रतिशत)

एनपीए	पीएसबी		एचएफसी		कुल	
	2015-16	2016-17	2015-16	2016-17	2015-16	2016-17
₹2 लाख तक	12.0	11.9	6.1	8.6	9.8	10.4
₹5 लाख तक	4.9	5.0	2.4	3.4	4.0	4.4
₹10 लाख तक	2.7	2.7	1.5	1.2	2.3	2.1
₹25 लाख तक	1.7	1.7	0.8	0.7	1.4	1.3
>₹25 लाख	0.9	1.2	0.3	0.5	0.6	0.9
कुल	**1.4**	**1.5**	**0.4**	**0.6**	**0.9**	**1.1**

स्रोत: राष्ट्रीय आवास बैंक

तालिका 5: पुनर्वित संवितरण- ऋण के आकार अनुसार

व्यक्तिगत ऋण आकार	2016-17	
	राशि (₹ करोड़)	कुल में हिस्सा (%)
₹2 लाख तक	1220.1	5.4
₹2 लाख से ₹5 लाख	1234.5	5.4
₹5 लाख से ₹10 लाख	2143.4	9.5
₹10 लाख से ₹15 लाख	3360.8	14.8
₹15 लाख से ₹20 लाख	2389.8	10.5
₹20 लाख से ₹25 लाख	2055.7	9.1
₹25 लाख से अधिक	9881.7	43.6
संभावित और प्रतीक्षित आंकडे	398.2	1.8
कुल	22684.1	100

स्रोत: राष्ट्रीय आवास बैंक

किफायती आवासन हेतु पुनर्वित्त स्कीम

राष्ट्रीय आवास बैंक की पुनर्वित्त स्कीम से ब्याज की रियायती दरों पर ऋणदाता संस्थानों को निधि उपलब्ध कराई जाती है, जो किफायती आवासन खंड में परियोजनाओं हेतु सरकारी तथा निजी एजेंसियों/डेवलपर्स/बिल्डरों को ऋण देने का कार्य करती है। सन 2016-17 में कुल पुनर्वित्त में छोटे मूल्य वाले ऋणों (₹25 लाख से कम वाले ऋण) का हिस्सा 54.6 प्रतिशत था (तालिका 5).

भारत में आवासन किफायती होने की प्रवृत्ति

आवास विकास वित्त निगम (एचडीएफसी) रिपोर्ट 2010 के अनुसार सम्पति की कीमतों और वार्षिक आय के रूप में परिभाषित किफायती होने का अनुपात 1995-96 के 22 से घटकर 2016 में 4 पर आ गया। सन 1990 के दशक में तेज गिरावट के बाद हाल ही के वर्षों में यह अधिकांशतया स्थिर रहा (चार्ट 5).

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा संकलित आवास कीमत सूचकांक (जिसमें प्रमुख शहरों में आवासन कीमतों में परिवर्तनों को लिया जाता है) में हाल ही के वर्षों में हुई संवृद्धि में परिवर्तन दर्ज हुए (चार्ट 6).

कुशमैन और वेकफील्ड शोध रिपोर्ट (2017) के अनुसार शीर्ष आठ शहरों (अहमदाबाद, बंगलुरू, चेन्नई, दिल्ली-राराक्षे, हैदराबाद, कोलकाता, मुम्बई और पुणे) में आवासीय

चार्ट 5: आवासों में किफायत की प्रवृत्ति



स्रोत: एचडीएफसी, ग्राहक सर्वेक्षण पर आधारित।

चार्ट 6: अखिल भारतीय आवास कीमत सूचकांक (एचपीआई) एवं वृद्धि



स्रोत: आरबीआई।

क्षेत्र में नए समारंभों की संख्या में 2016-17 के दौरान लगभग 8 प्रतिशत की गिरावट हुई। हालांकि किफायती आवासन यूनिटों की शुरुआत में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही (तालिका 6)। तदनुसार, कुल शुरू हुई नई परियोजनाओं में किफायती खंड का हिस्सा 2015-16 के 25 प्रतिशत से बढ़कर 2016-17 में 30 प्रतिशत हो गया।

खंड 5: आवासन किफायत पर सीएलएसएस के प्रभाव : अनुभवाश्रित अनुसंधान

इस खंड में भारत में आवासन में किफायतीपन पर सीएलएसएस के प्रभाव के अध्ययन का प्रयास किया गया है। यह देखते हुए कि सीएलएसएस में ब्याज सब्सिडी या जाता है, और यह आवासन लागत को कम करता है, इससे यह अपेक्षित है कि सीएलएसएस को लागू करने से अधिकाधिक आवासन यूनिटों को किफायती के रूप में वर्गीकृत किया जा सकेगा। यद्यपि आवासन के किफायतीपन को वार्षिक आय के प्रति आवास की कीमत अथवा मासिक आय के प्रति आवासन की मासिक लागत (यथा-ईएमआई) के रूप में परिभाषित किया गया है, तथापि इस विश्लेषण में परवर्ती दृष्टिकोण को अपनाया गया है।

सारणी 6: आवासीय क्षेत्र में खंड-वार लांच किए गए नए यूनिट (यूनिटों की संख्या)

खंड	2015-16	2016-17	वृद्धि (%)
किफायती	29325	32300	10.1
मध्य-रेंज	72800	64250	-11.7
उच्चतम	14600	10700	-26.7
विलासी	925	950	2.7
कुल	117650	108200	-8.0

स्रोत: कुशमैन एंड वैकफिल्ड, 2017.

इस कार्य में चारों खंड यथा - ईडब्ल्यूएस, एलआईजी, एमआईजी-I और एमआईजी-II में आवासन के किफायती होने का आकलन 49 शहरों में दो परिदृश्यों में किया गया है: (i) बिना सीएलएसएस का लाभ दिए किफायतीपन; और (ii) सीएलएसएस के लाभ सहित किफायतीपन। इस प्रयोजन के लिए आवासन यूनिटों के किफायतीपन का एक मैट्रिक्स निर्मित किया गया जिसे किफायतीपन का पैमाना (एएम) का नाम दिया गया। जैसा कि खंड 2 में चर्चा की गई है, व्यय-पद्धति के अनुसार, एएम को परिवार की मासिक आय की तुलना में आवासन लागत के अनुपात के रूप में परिभाषित किया गया है, और आवास किफायती माना जाता है यदि एएम 30 प्रतिशत से कम या उसके बराबर हो। यद्यपि आवासन लागत में गिरवी चुकौती, सम्पति-कर आदि का भी समावेश होता है, तथापि यहाँ यह माना गया है कि इसमें केवल मासिक गिरवी चुकौती या समसमानकृत मासिक किस्तों (ईएमआई) को शामिल किया जाता है। इसलिए एएम को परिवार की मासिक आय की तुलना में ईएमआई का अनुपात कहा गया है (संलग्नक-I).

इन अनुमानों से संकेत मिलता है कि अधिकांश शहरों में 30 प्रतिशत से कम या उसके बराबर एएम वाले किफायती आवास ईडब्ल्यूएस से उच्चतर आय-वर्ग में संकेन्द्रित हैं, खासकर एमआईजी खंड में जो कि इस आधार वाक्य के समनुरूप है कि उच्चतर आय अधिक सामर्थ्य की तरफ ले जाती है (चार्ट 7).

चार्ट 7: वर्गों और शहरों के अनुसार किफायतीपन का पैमाना



टिप्पणी: संबंधित खंड के बढ़ते हुए सीएपी के क्रम में 49 शहरों को क्रमबद्ध किया गया है।
स्रोत: लेखकों द्वारा संगणना

तालिका 7-किफायती आवासन वाले शहरों की संख्या

	सीएलएसएस सहित एएम ≤30 प्रतिशत	सीएलएसएस रहित एएम ≤30 प्रतिशत	सीएलएसएस से परिवर्तन
ईडब्ल्यूएस	5	21	16
एलआईसी	5	9	4
एमआईजी-I	9	11	2
एमआईजी-II	18	20	2

टिप्पणी: एनएचबी-रेजिडेक्स डाटाबेस द्वारा दी गई कारपेट एरिया कीमतों के आधार पर 49 शहरों में किफायतीपन का विश्लेषण किया गया है।
स्रोत: लेखकों द्वारा संगणना।

हालांकि यह देखा गया कि ईडब्ल्यूएस खंड के लिए आवासों को किफायती बनाने में प्रभावी रही (तालिका 7) सीएलएसएस के कारण 21 शहरों में ईडब्ल्यूएस के लिए आवास किफायती हुआ जबकि बिना सीएलएसएस के केवल 5 शहरों में ऐसा हो सका। लेकिन एलआईजी और एमआईजी खंडों के लिए आवासों को किफायती बनाने में सीएलएसएस का प्रभाव कम उल्लेखनीय है। ईडब्ल्यूएस के लिए आवासन को किफायती बनाने में सीएलएसएस की प्रभावशीलता को देखते हुए, इस पर नीति-निरूपण में प्राथमिकता के आधार पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

खंड 6: संबंधित मुद्दे और चुनौतियां

अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों के साथ अपने संपर्क के माध्यम से किफायती आवासन से आर्थिक संवृद्धि को बढ़ावा मिल सकता है। अन्य क्षेत्रों यथा कृषि, बिजली, व्यापार, रेलवे, संचार और बैंकिंग तथा बीमा क्षेत्रों की तुलना में आवासीय निर्माण (आवासन क्षेत्र के लिए प्रॉक्सी) के आउटपुट गुणक उच्चतर हैं (एनसीएईआर, 2014)। यदि सभी क्षेत्रों को लिया जाए तो आवासीय निर्माण का प्रत्यक्ष रोजगार सह-संबद्ध गुणांक उच्चतम है, भले ही इसमें रोजगार की प्रकृति काफी हद तक औपचारिक रहती है।

किफायती आवासन के लिए सरकार द्वारा नीतिगत उपायों यथा सरकारी प्रोत्साहन स्कीम, इंफ्रास्ट्रक्चर टैग प्रदान करना, पीएमएवाई के तहत ब्याज सब्सिडी स्कीम से निम्न आय समूहों के लिए किफायती खंड में नई आवासन परियोजनाओं में तेज बढ़ोतरी हुई है। उपभोक्ता की दृष्टि से देखें तो न्यून लागत वाले क्रेडिट की उपलब्धता से किफायती आवासन की मांग चालित हो रही है, साथ ही रियल एस्टेट रेग्यूलेटरी प्राधिकरण (रेरा) अधिनियम जैसी नीतियां भी भूसम्पदा क्षेत्र में नए क्रेता की रुचि जगा सकती हैं।

यद्यपि किफायती आवासन को बढ़ाने के लिए सरकार और रिज़र्व बैंक के संयुक्त प्रयासों के सकारात्मक परिणाम मिले हैं, तथापि भारत में किफायती आवास विकास की गति को प्रभावित करने वाले और निजी क्षेत्र की सहभागिता को बाधित करने वाले कुछ अन्य कारक भी हैं, जैसे कि: (i) शहर की सीमाओं के भीतर कम लागत वाली उचित भूमि की कमी; (ii) सांविधिक क्लीयरेन्स और अनुमोदन की लंबी प्रक्रिया; (iii) विकास मानदंडों, आयोजना और परियोजना डिजाइन में कमियां; (iv) कम लाभ की गुंजाइश के कारण रियल एस्टेट के बड़े संगठित खिलाड़ियों की सहभागिता कम होना; (v) भवन-निर्माण के वित्तपोषण हेतु निधियों की उच्च लागत परियोजनाओं को अव्यवहार्य बनाती है; (vi) रख-रखाव के लिए उचित व्यवस्था का अभाव; (vii) लाभभोगी के चयन में चुनौतियां और (viii) कार्यान्वयन एजेन्सियों में क्षमता संबंधी सीमाएं या अपर्याप्त क्षमता (डेलॉयट 2016)। जब तक उक्त चुनौतियों का समाधान नहीं हो जाता, दो करोड़ों घरों के निर्माण का स्वप्न पूरा होने में देर होगी।

अनुलग्नक I

एएम तैयार करने की विधि

एएम आकलन हेतु सबसे पहले हम एनएचबी-रेजिडेक्स डाटाबेस से कारपेट एरिया कीमतों (कैप) के आंकड़े प्राप्त करते हैं। एनएचबी भारत के विभिन्न शहरों के लिए आवासन कीमत सूचकांक (एचपीआई) प्रदान करता है। यह सूचकांक दो शीर्षकों के तहत होता है - आकलन कीमतों पर एचपीआई और बाजार कीमतों पर एचपीआई। आकलन कीमतें मूल्यन डाटा होती हैं जो बैंकों और एचएफसी से प्राप्त की जाती हैं, और बाजार कीमतें निर्माणाधीन परियोजनाओं के लिए बाजार सर्वेक्षण से हासिल की जाती हैं। हमने आकलन कीमतों पर एचपीआई के तहत दी हुई सीएपी को लिया है क्योंकि इससे बैंकों/एचएफसी द्वारा दिए गए ऋणों के मूल्यन और सीएलएसएस के तहत प्राप्त ब्याज उपदान प्रभावित होंगे। आवासन यूनिटों के तीन अलग-अलग खंडों के लिए प्रति वर्ग फुट के लिए सीएपी दिया जाता है जिनका क्षेत्रफल इस प्रकार होता है: 646 वर्ग फुट (60 वर्ग मीटर) से कम, 646 से 1184 वर्ग फुट (60 से 110 वर्ग मीटर) और 1184 वर्ग फुट (110 वर्ग मीटर) से अधिक। यह विभाजन विभिन्न प्रकार के लाभभोगियों के लिए पीएमए में उल्लिखित पात्रता मानदंड के अनुसार है।

दूसरे चरण में हमने आवासन यूनिट की लागत का आकलन सीएपी को आवास के कारपेट एरिया से गुणा करके किया है। यहां यह मान लिया गया है कि आवास का कारपेट एरिया वह अधिकतम कारपेट एरिया है जो तालिका 2 में बताए अनुसार पीएमएवाई के तहत लाभभोगी द्वारा प्राप्त किया जा सकता है।

आवासन लागत का आकलन करने के बाद तीसरे चरण में हमने अधिकतम अनुमेय आवास ऋण की संगणना की है जो किसी एक परिवार को प्रत्येक के तहत मिल सकता है। इसकी गणना करने के लिए आवास लागत को उचित ऋणमूल्य अनुपात (एलटीवी) से गुणा कर दिया गया है। कर्जदारों के दो वर्गों - सीएलएसएस सहित और सीएलएसएस रहित के लिए प्रभावी ऋण राशि अलग-अलग रहेगी। सीएलएसएस कर्जदारों के लिए प्रभावी ऋण रकम में इस स्कीम के तहत उपलब्ध ब्याज उपदान की रकम को घटा दिया जाएगा, क्योंकि सरकार द्वारा यह रकम कर्जदार को अग्रिम रूप से दे दी जाती है।

चौथे चरण में ऋण की अवधि को 20 वर्ष मानते हुए परिवार द्वारा चुकाई जाने वाली ईएमआई की गणना की जाती है, जैसा कि पीएमएवाई में अनुमेय है और एक समान 8.35 प्रतिशत की ब्याज दर रखी जाती है, जैसा कि वर्तमान में बहुत से बैंकों द्वारा दी जा रही है।

पांचवें चरण में, पात्रता आय के आधार पर परिवार की मासिक आय की गणना की जाती है, जैसा कि पीएमएवाई के तहत दिया गया है। उदाहरण के लिए तीन लाख रुपये तक आय वाले परिवारों पर ईडब्ल्यूएम वर्ग में विचार किया जाता है। इसलिए एएम की गणना के लिए ईडब्ल्यूएस की मासिक आय को ₹25,000 अर्थात ₹3 लाख/12 मान लिया जाता है।

अंततः, पांचवें चरण में आकलित मासिक आय और चौथे चरण में आकलित ईएमआई के अनुपात को लेते हुए एएम की गणना की जाती है। यदि एएम 30 प्रतिशत से कम या उसके बराबर होता है तो आवास यूनिट को किफायती माना जाता है। यहां एएम की गणना दो परिदृश्यों में की जाती है - सीएलएसएस सहित और सीएलएसएस रहित। संकल्पनात्मक दृष्टि से सीएलएसएस सहित एएम, सीएलएसएस रहित एएम से कम होना चाहिए। उच्चतर अंतर का आशय है सीएलएसएस के सामर्थ्य पर अधिक प्रभाव पड़ेगा।

संदर्भ

Australian Housing and Urban Research Institute (AHURI) (2009), "What Impact will the National Rental Affordability Scheme have upon Housing Affordability?", *AHURI Research & Policy Bulletin,* Issue 108, January.

Cushman & Wakefield (2017), Sector Overview Residential: Q1 2017.

Deloitte (2016), Mainstreaming Affordable Housing in India Moving towards Housing for All by 2022, August.

Diamond, R. and McQuade, T. (2015), "Who Wants Affordable Housing in Their Backyard? An Equilibrium Analysis of Low Income Property Development" Stanford Graduate School of Business.

Hamidi, S., Ewing, R. and Renne, J. (2016), "How Affordable is HUD Affordable Housing?" *Housing Policy Debate.*

Housing Development Finance Corporation Limited (HDFC) (2016), The Report on Mortgage Market in India, March.

McKinsey Global Institute (2010), India's Urban Awakening: Building Inclusive Cities, Sustaining Economic Growth, April.

Ministry of Housing & Urban Poverty Alleviation (2012), Report of Technical Group (TG-12) on Estimation of Urban Housing Shortage.

NCAER (2014), Impact of Investments in the Housing Sector on GDP and Employment in the Indian Economy, April.

Reserve Bank of India (2014), Circular-Issue of Long Term Bonds by Banks – Financing of Infrastructure and Affordable Housing, July.

Reserve Bank of India (2016), Circular-Investment by a Foreign Venture Capital Investor (FVCI) registered under SEBI (FVCI) Regulations, 2000, October.

Reserve Bank of India (2017), Circular- Individual Housing Loans: Rationalisation of Risk-Weights and Loan to Value (LTV) Ratios, June.

U.S. Department of Housing and Urban Development (2017), Rent Burden in the Housing Choice Voucher Program, October.

Xue, X. (2013), "Affordable Housing in China- A Case Study in Datong", Masters Dissertation submitted to Ball State University, Muncie, Indiana, July.

वर्तमान सांख्यिकी

चुनिंदा आर्थिक संकेतक

भारतीय रिज़र्व बैंक

मुद्रा और बैंकिंग

मूल्य और उत्पादन

सरकारी खाते और खज़ाना बिल

वित्तीय बाजार

बाह्य क्षेत्र

भुगतान और निपटान प्रणालियाँ

अवसरिक श्रृंखलाएं

विषयवस्तु

संख्या	शीर्षक	पृष्ठ
1	चुनिंदा आर्थिक संकेतक	29
	भारतीय रिज़र्व बैंक	
2	भारतीय रिज़र्व बैंक - देयताएं और आस्तियां	30
3	भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा चलनिधि परिचालन	31
4	भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अमेरिकी डालर का क्रय/विक्रय	32
4ए	भारतीय रिज़र्व बैंक में बकाया वायदे का (अवशिष्ट परिपक्वता के अनुसार) परिपक्वता विश्लेषण (मिलियन अमेरिकी डॉलर)	33
5	भारतीय रिज़र्व बैंक की स्थायी सुविधाएं	33
	मुद्रा और बैंकिंग	
6	मुद्रा स्टॉक मात्रा	34
7	मुद्रा स्टॉक ($एम_3$) के स्रोत	35
8	मौद्रिक सर्वेक्षण	36
9	कुल चलनिधि राशियां	36
10	भारतीय रिज़र्व बैंक सर्वेक्षण	37
11	आरक्षित मुद्रा- घटक और स्रोत	37
12	वाणिज्यिक बैंक सर्वेक्षण	38
13	अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के निवेश	38
14	भारत में कारोबार - सभी अनुसूचित बैंक और सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक	39
15	प्रमुख क्षेत्रों द्वारा सकल बैंक ऋण का विनियोजन	40
16	सकल बैंक ऋण का उद्योग-वार विनियोजन	41
17	भारतीय रिज़र्व बैंक में खाते रखने वाले राज्य सहकारी बैंक	42
	मूल्य और उत्पादन	
18	उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (आधारः 2012=100)	43
19	अन्य उपभोक्ता मूल्य सूचकांक	43
20	मुंबई में सोने और चांदी का मासिक औसत मूल्य	43
21	थोक मूल्य सूचकांक	44
22	औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आधारः 2011-12=100)	47
	सरकारी खाते और खज़ाना बिल	
23	केन्द्र सरकार के खाते - एक नज़र में	47
24	खज़ाना बिल - स्वामित्व का स्वरूप	48
25	खज़ाना बिलों की नीलामी	48
	वित्तीय बाजार	
26	दैनिक मांग मुद्रा दरें	49
27	जमाराशि प्रमाण-पत्र	50
28	वाणिज्यिक पत्र	50
29	चुनिंदा वित्तीय बाजारों में औसत दैनिक टर्नओवर	50
30	गैर-सरकारी पब्लिक लिमिटेड कंपनियों के नए पूंजी निर्गम	51

संख्या	शीर्षक	पृष्ठ
	बाह्य क्षेत्र	
31	विदेशी व्यापार	52
32	विदेशी मुद्रा भंडार	52
33	अनिवासी भारतीयों की जमाराशियां	52
34	विदेशी निवेश अंतर्वाह	53
35	निवासी भारतीयों के लिए उदारीकृत विप्रेषण योजना के अंतर्गत जावक विप्रेषण	53
36	भारतीय रुपये का वास्तविक प्रभावी विनिमय दर (आरईईआर) और सांकेतिक प्रभावी विनिमय दर (एनईईआर)	54
37	बाह्य वाणिज्यिक उधार	54
38	भारत का समग्र भुगतान संतुलन (मिलियन अमेरिकी डॉलर)	55
39	भारत का समग्र भुगतान संतुलन (बिलियन ₹)	56
40	बीपीएम 6 के अनुसार भारत में भुगतान संतुलन का मानक प्रस्तुतीकरण (मिलियन अमेरिकी डॉलर में)	57
41	बीपीएम 6 के अनुसार भारत में भुगतान संतुलन का मानक प्रस्तुतीकरण (बिलियन ₹ में)	58
42	अंतरराष्ट्रीय निवेश स्थिति	59
	भुगतान और निपटान प्रणालियाँ	
43	भुगतान प्रणाली संकेतक	60
	अवसरिक श्रृंखलाएं	
44	लघु बचत	61
45	केंद्र और राज्य सरकारों की प्रतिभूतियों के स्वामित्व का स्वरूप	62
46	केन्द्र और राज्य सरकारों की संयुक्त प्राप्तियां और संवितरण	63
47	विभिन्न सुविधाओं के अंतर्गत राज्य सरकारों द्वारा ली गई वित्तीय सहायता	64
48	राज्य सरकारों द्वारा किए गए निवेश	65

टिप्पणियां: .. = उपलब्ध नहीं।
– = शून्य/नगण्य
प्रा/अ = प्रारंभिक/अनंतिम आंसं = आंशिक रूप से संशोधित

सं. 1 : चुनिंदा आर्थिक संकेतक

मद	2016-17	2016-17		2017-18	
		ति1	ति2	ति1	ति2
	1	2	3	4	5
1 वस्तु क्षेत्र (% परिवर्तन)					
1.1 आधार मूल्यों पर जीवीए	6.6	7.6	6.8	5.6	6.1
1.1.1 कृषि	4.9	2.5	4.1	2.3	1.7
1.1.2 उद्योग	7.0	9.0	6.5	1.5	6.9
1.1.3 सेवाएं	6.9	8.2	7.4	7.8	6.6
1.1क अंतिम खपत व्यय	10.5	9.8	9.5	8.5	6.0
1.1ख सकल नियत पूंजी निर्माण	2.4	7.4	3.0	1.6	4.7
	2016-17	**2016**		**2017**	
		अक्तू	**नवं.**	**अक्तू**	**नवं.**
	1	1	2	3	4
1.2 औद्योगिक उत्पादन सूचकांक	4.6	4.2	5.1	2.2	-
2 मुद्रा और बैंकिंग (% परिवर्तन)					
2.1 अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक					
2.1.1 जमाराशियां	11.3	9.2	15.6	8.7	3.4
2.1.2 ऋण	4.5	8.7	6.2	6.8	9.6
2.1.2.1 गैर-खाद्यान्न ऋण	5.2	8.8	6.5	7.4	10.0
2.1.3 सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश	17.4	8.0	20.5	15.5	3.9
2.2 मुद्रा स्टॉक मात्रा					
2.2.1 आरक्षित मुद्रा (एम0)	-12.9	16.0	-16.8	-5.1	30.4
2.2.2 स्थूल मुद्रा (एम3)	10.6	10.4	8.1	6.5	8.8
3 अनुपात (%)					
3.1 आरक्षित नकदी निधि अनुपात	4.00	4.00	4.00	4.00	4.00
3.2 सांविधिक चलनिधि अनुपात	20.50	20.75	20.75	19.50	19.50
3.3 नकदी-जमा अनुपात	5.3	4.9	6.5	4.8	4.7
3.4 ऋण-जमा अनुपात	72.9	74.4	69.3	73.0	73.4
3.5 वृद्धिशील ऋण-जमा अनुपात	41.4	22.3	1.0	108.2	136.4
3.6 निवेश-जमा अनुपात	28.2	29.0	30.8	30.8	30.9
3.7 वृद्धिशील निवेश-जमा अनुपात	28.4	42.6	52.5	748.8	369.5
4 ब्याज दरें (%)					
4.1 नीति रिपो दर	6.25	6.25	6.25	6.00	6.00
4.2 रिवर्स रिपो दर	5.75	5.75	5.75	5.75	5.75
4.3 सीमांत स्थायी सुविधा दर	6.75	6.75	6.75	6.25	6.25
4.4 बैंक दर	6.75	6.75	6.75	6.25	6.25
4.5 आधार दर	9.25/9.60	9.30/9.65	9.30/9.65	8.95/9.45	8.95/9.45
4.6 एमसीएलआर (एक दिन के लिए)	7.75/8.20	8.80/9.10	8.65/9.00	7.70/8.05	7.70/8.05
4.7 एक वर्ष से अधिक की मीयादी जमा दर	6.50/7.00	6.50/7.30	6.50/7.10	6.25/6.75	6.00/6.75
4.8 बचत जमा दर	4.00	4.00	4.00	3.50/4.00	3.50/4.00
4.9 मांग मुद्रा दर (भारित औसत)	5.97	6.18	5.94	5.85	5.89
4.10 91-दिवसीय खज़ाना बिल (प्राथमिक) आय	5.82	6.36	5.94	6.11	6.15
4.11 182-दिवसीय खज़ाना बिल (प्राथमिक) आय	6.05	6.46	6.07	6.18	6.25
4.12 364-दिवसीय खज़ाना बिल (प्राथमिक) आय	6.14	6.46	5.96	6.22	6.28
4.13 10-वर्षीय सरकारी प्रतिभूतियों पर आय	7.00	6.83	6.30	7.00	7.25
5 आरबीआई संदर्भ दर और फारवर्ड प्रीमिआ					
5.1 भा.रु.-अमेरिकी डालर हाजिर दर (₹ प्रति विदेशी मुद्रा)	64.84	66.86	68.46	65.09	64.73
5.2 भा.रु.-यूरो हाजिर दर (₹ प्रति विदेशी मुद्रा)	69.25	72.91	72.39	75.68	76.72
5.3 फारवर्ड प्रीमिआ अमेरिकी डालर 1-माह (%)	5.09	5.38	2.19	4.52	4.26
3-माह (%)	4.97	5.38	3.16	4.36	4.08
6-माह (%)	4.90	5.35	3.67	4.36	4.39
6 मुद्रास्फीति (%)					
6.1 अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक	4.5	4.2	3.6	3.6	4.9
6.2 औद्योगिक कामगारों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक	4.1	3.3	2.6	3.2	4.0
6.3 थोक मूल्य सूचकांक	1.7	1.3	1.8	3.6	3.9
6.3.1 प्राथमिक वस्तुएं	3.4	2.1	1.3	3.3	5.3
6.3.2 ईंधन और पावर	-0.3	-1.2	2.1	10.5	8.8
6.3.3 विनिर्मित उत्पाद	1.3	1.3	2.0	2.6	2.6
7 विदेशी व्यापार (% परिवर्तन)					
7.1 आयात	0.5	10.7	11.9	7.6	19.6
7.2 निर्यात	5.4	8.9	2.6	-1.1	30.5

भारतीय रिज़र्व बैंक

सं. 2 : भारतीय रिज़र्व बैंक - देयताएं और आस्तियां*

(बिलियन ₹)

मद	अंतिम शुक्रवार/शुक्रवार की स्थिति						
	2016-17	2016	2017				
		दिसं.	नवं. 24	दिसं. 8	दिसं. 15	दिसं. 22	दिसं. 29
	1	2	3	4	5	6	7
1 निर्गम विभाग							
1.1 देयताएं							
1.1.1 संचलन में नोट	13,101.81	9,137.63	16,344.50	16,570.27	16,663.12	16,717.66	16,676.69
1.1.2 बैंकिंग विभाग में रखे गए नोट	0.12	0.17	0.17	0.18	0.17	0.18	0.16
1.1/1.2 कुल देयताएं (जारी किए गए कुल नोट) या आस्तियां	**13,101.93**	**9,137.80**	**16,344.68**	**16,570.45**	**16,663.29**	**16,717.84**	**16,676.85**
1.2 आस्तियां							
1.2.1 सोने के सिक्के और बुलियन	675.08	717.57	701.52	699.06	699.06	699.06	699.06
1.2.2 विदेशी प्रतिभूतियां	12,422.35	8,403.04	15,635.48	15,863.91	15,956.81	16,011.41	15,970.44
1.2.3 रुपया सिक्का	4.50	6.74	7.67	7.48	7.42	7.37	7.35
1.2.4 भारत सरकार की रुपया प्रतिभूतियां	–	10.46	–	–	–	–	–
2 बैंकिंग विभाग							
2.1 देयताएं							
2.1.1 जमाराशियां	10,389.43	13,889.08	8,033.15	7,536.83	7,845.17	8,565.82	8,505.63
2.1.1.1 केंद्र सरकार	50.00	1.01	1.00	1.00	1.01	1.01	1.01
2.1.1.2 बाजार स्थिरीकरण योजना	–	4,989.55	946.73	946.73	946.73	946.73	946.73
2.1.1.3 राज्य सरकारें	0.42	0.42	0.42	0.42	0.42	0.42	0.42
2.1.1.4 अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक	5,087.73	4,495.75	4,365.90	4,360.72	4,877.97	4,476.70	4,883.32
2.1.1.5 अनुसूचित राज्य सहकारी बैंक	55.13	37.76	36.55	35.51	35.71	36.41	36.14
2.1.1.6 गैर-अनुसूचित राज्य सहकारी बैंक	18.92	19.01	19.33	18.15	18.88	18.79	18.48
2.1.1.7 अन्य बैंक	279.49	257.24	258.77	254.67	254.49	258.69	260.05
2.1.1.8 अन्य	4,897.74	4,088.35	2,404.45	1,919.62	1,709.95	2,827.07	2,359.47
2.1.1.9 भारत के बाहर के वित्तीय संस्थान	–	–	–	–	–	–	–
2.1.2 अन्य देयताएं	8,411.18	9,529.95	8,852.09	8,637.04	8,529.30	8,574.19	8,613.90
2.1/2.2 कुल देयताएं या आस्तियां	**18,800.61**	**23,419.03**	**16,885.24**	**16,173.86**	**16,374.47**	**17,140.01**	**17,119.52**
2.2 आस्तियां							
2.2.1 नोट और सिक्के	0.12	0.18	0.17	0.18	0.17	0.18	0.17
2.2.2 विदेश में रखे शेष	10,263.49	14,731.02	8,958.04	8,636.36	8,434.88	8,601.30	8,882.23
2.2.3 ऋण और अग्रिम							
2.2.3.1 केन्द्र सरकार	–	–	–	–	–	–	–
2.2.3.2 राज्य सरकारें	12.62	15.29	29.03	34.91	0.83	20.84	41.42
2.2.3.3 अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक	218.10	154.75	562.72	211.53	631.30	1,203.15	869.66
2.2.3.4 अनुसूचित राज्य सहकारी बैंक	–	–	–	–	–	–	–
2.2.3.5 भारतीय औद्योगिक विकास बैंक	–	–	–	–	–	–	–
2.2.3.6 नाबार्ड	–	–	–	–	–	–	–
2.2.3.7 एक्जिम बैंक	–	–	–	–	–	–	–
2.2.3.8 अन्य	39.91	35.94	47.09	43.50	51.83	53.44	57.77
2.2.3.9 भारत के बाहर की वित्तीय संस्थाएं	–	–	–	–	–	–	–
2.2.4 खरीदे और भुनाए गए बिल							
2.2.4.1 आंतरिक	–	–	–	–	–	–	–
2.2.4.2 सरकारी खज़ाना बिल	–	–	–	–	–	–	–
2.2.5 निवेश	7,528.11	7,758.06	6,600.36	6,556.15	6,556.96	6,557.58	6,558.20
2.2.6 अन्य आस्तियां	738.26	723.80	687.83	691.23	698.50	703.52	710.08
2.2.6.1 सोना	613.19	651.78	637.16	634.93	634.93	635.74	635.74

* डाटा अनंतिम है।

सं. 3 : भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा चलनिधि परिचालन

(बिलियन ₹)

दिनांक	चलनिधि समायोजन सुविधा				एमएसएफ	स्थायी चलनिधि सुविधाएं	बाज़ार स्थिरीकरण योजना	ओएमओ (एकमुश्त)		निवल अंतर्वेशन (+)/ अवशोषण (-) (1+3+5+6+9-2-4-7-8)
	रिपो	रिवर्स रिपो	परिवर्तन-शील रिपो दर	परिवर्तन-शील रिवर्स रिपो दर				विक्रय	क्रय	
	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
नवं. 1, 2017	29.10	144.05	–	300.05	0.50	–	–	–	–	–414.50
नवं. 2, 2017	33.55	233.69	–	237.04	0.80	–	–	–	–	–436.38
नवं. 3, 2017	26.70	174.57	47.40	202.02	–	–1.55	–	–	–	–304.04
नवं. 4, 2017	–	61.17	–	–	–	–	–	–	–	–61.17
नवं. 6, 2017	27.95	157.52	–	192.65	28.50	–	–	–	–	–293.72
नवं. 7, 2017	57.15	115.56	4.10	6.26	5.90	–4.30	–	–	–	–58.97
नवं. 8, 2017	111.45	81.92	–	65.97	1.42	4.30	–	–	–	–30.72
नवं. 9, 2017	37.15	146.26	–	118.83	–	–	–	–	–	–227.94
नवं. 10, 2017	28.90	362.58	133.65	130.66	1.75	–	–	100.00	–	–428.94
नवं. 13, 2017	28.40	61.55	–	164.10	0.40	–2.75	–	–	–	–199.60
नवं. 14, 2017	30.60	62.80	93.00	47.00	0.20	2.75	–	–	–	16.75
नवं. 15, 2017	30.11	52.19	–	282.54	–	–	–	–	–	–304.62
नवं. 16, 2017	31.80	40.02	–	43.59	3.51	–	–	–	–	–48.30
नवं. 17, 2017	31.60	46.19	157.65	217.09	0.40	–	–	–	–	–73.63
नवं. 18, 2017	–	82.09	–	–	0.25	–	–	–	–	–81.84
नवं. 20, 2017	38.57	59.36	–	–	4.80	–	–	–	–	–15.99
नवं. 21, 2017	178.12	81.77	123.00	–	5.35	–1.70	–	–	–	223.00
नवं. 22, 2017	47.92	87.45	–	135.24	4.25	–	–	–	–	–170.52
नवं. 23, 2017	49.25	95.62	–	105.01	5.00	1.70	–	–	–	–144.68
नवं. 24, 2017	114.32	309.64	98.45	101.90	5.45	–	–	–	–	–193.32
नवं. 27, 2017	30.20	109.22	–	115.00	25.10	–	–	–	–	–168.92
नवं. 28, 2017	30.20	58.33	33.10	100.04	0.20	–	–	–	–	–94.87
नवं. 29, 2017	30.21	134.55	–	173.40	0.01	–	–	–	–	–277.73
नवं. 30, 2017	30.70	121.31	11.75	400.29	–	–	–	–	–	–479.15

सं. 4: भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अमेरिकी डालर का क्रय-विक्रय

i) ओटीसी सेगमेन्ट में परिचालन

मद	2016-17	2016	2017	
		नवं.	अक्तू.	नवं.
	1	2	3	4
1 विदेशी मुद्रा का निवल क्रय/विक्रय (मिलियन अमेरिकी डालर) (1.1-1.2)	12,351.00	–2,718.00	852.00	864.00
1.1 क्रय (+)	71,764.00	19,127.00	1,910.00	2,570.00
1.2 विक्रय (-)	59,413.00	21,845.00	1,058.00	1,706.00
2 संविदा दर पर ₹ के बराबर (बिलियन ₹)	822.16	–186.26	57.31	60.55
3 संचयी (मार्च के अंत से) (मिलियन अमेरिकी डालर)	12,351.00	7,574.00	17,153.00	18,017.00
(बिलियन ₹)	822.17	500.14	1,123.70	1,184.25
4 माह के अंत में बकाया निवल वायदा विक्रय (-)/क्रय (+) (मिलियन अमेरिकी डालर)	10,835.00	2,944.00	31,374.00	30,615.00

ii) मुद्रा फ्यूचर्स सेगमेन्ट में परिचालन

मद	2016-17	2016	2017	
		नवं.	अक्तू.	नवं.
	1	2	3	4
1 विदेशी मुद्रा का निवल क्रय/विक्रय (मिलियन अमेरिकी डालर) (1.1-1.2)	0.00	–1,020.00	0.00	0.00
1.1 क्रय (+)	10,456.00	3,720.00	1,400.00	0.00
1.2 विक्रय (-)	10,456.00	4,740.00	1,400.00	0.00
2 माह के अंत में बकाया निवल मुद्रा वायदा विक्रय (-)/क्रय (+) (मिलियन अमेरिकी डालर)	0.00	–1,020.00	0.00	0.00

सं. 4ए: भारतीय रिज़र्व बैंक में बकाया वायदे का (अवशिष्ट परिपक्वता के अनुसार) परिपक्वता विश्लेषण (मिलियन अमेरिकी डॉलर)

मद	31 नवंबर 2017 तक		
	दीर्घ (+)	अल्प (-)	निवल (1-2)
	1	2	3
1. 1 माह तक	2,698	361	2,337
2. 1 माह से अधिक और 3 माह तक	6,628	400	6,228
3. 3 माह से अधिक और 1 वर्ष तक	24,277	2,723	21,554
4. 1 वर्ष से अधिक	496	0	496
कुल (1+2+3+4)	**34,099**	**3,484**	**30,615**

सं. 5: भारतीय रिज़र्व बैंक की स्थायी सुविधाएं

(बिलियन ₹)

मद	नियत अंतिम शुक्रवार की स्थिति							
	2016-17	2016	2017					
		दिसं. 23	जुला. 21	अग. 18	सितं. 29	अक्टू. 27	नवं. 24	दिसं. 22
	1	2	3	4	5	6	7	8
1 सीमांत स्थायी सुविधा	19.3	4.2	6.8	3.5	194.8	–	5.5	4.9
2 अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के लिए निर्यात ऋण पुर्नवित्त								
2.1 सीमा	–	–	–	–	–	–	–	–
2.2 बकाया	–	–	–	–	–	–	–	–
3 प्राथमिक व्यापारियों के लिए चलनिधि सुविधा								
3.1 सीमा	28.0	28.0	28.0	28.0	28.0	28.0	28.0	28.0
3.2 बकाया	14.8	12.3	15.4	18.1	19.3	19.4	17.9	20.8
4 अन्य								
4.1 सीमा	–	–	–	–	–	–	–	–
4.2 बकाया	–	–	–	–	–	–	–	–
5 कुल बकाया (1+2.2+3.2+4.2)	34.1	16.4	22.1	21.5	214.1	19.4	23.3	25.6

मुद्रा और बैंकिंग

सं. 6: मुद्रा स्टॉक मात्रा

(बिलियन ₹)

मद	मार्च 31 /माह के नियत अंतिम शुक्रवार/नियत शुक्रवार की बकाया स्थिति				
	2016-17	2016	2017		
		नवं. 25	अक्तू. 27	नवं. 10	नवं. 24
	1	2	3	4	5
1 जनता के पास मुद्रा (1.1 + 1.2 + 1.3 - 1.4)	12,641.2	8,962.6	15,481.8	15,720.5	15,809.9
1.1 संचलन में नोट	13,101.8	11,642.4	16,091.9	16,280.9	16,344.5
1.2 रुपये सिक्के का संचलन	243.4	234.4	247.4	247.4	247.4
1.3 छोटे सिक्कों का संचलन	7.4	7.4	7.4	7.4	7.4
1.4 बैंकों के पास नकदी	711.4	2,921.6	865.0	815.2	789.4
2 जनता की जमाराशियां	14,178.3	12,068.6	12,860.6	12,596.4	12,586.9
2.1 बैंकों के पास मांग जमाराशियां	13,967.4	11,917.8	12,635.7	12,369.9	12,357.7
2.2 रिजर्व बैंक के पास 'अन्य' जमाराशियां	210.9	150.8	224.8	226.5	229.2
3 एम$_1$ (1+2)	**26,819.6**	**21,031.2**	**28,342.4**	**28,316.9**	**28,396.8**
4 डाकघर बचत बैंक जमाराशियां	920.6	925.6	968.8	968.8	968.8
5 एम$_2$ (3+4)	**27,740.2**	**21,956.8**	**29,311.2**	**29,285.7**	**29,365.6**
6 बैंकों के पास मीयादी जमाराशियां	101,099.8	100,282.7	103,328.9	104,023.7	103,583.4
7 एम$_3$ (3+6)	**127,919.4**	**121,313.9**	**131,671.3**	**132,340.6**	**131,980.2**
8 कुल डाकघर जमाराशियां	2,562.1	2,521.9	2,717.2	2,717.2	2,717.2
9 एम$_4$ (7+8)	**130,481.4**	**123,835.8**	**134,388.5**	**135,057.8**	**134,697.4**

सं. 7: मुद्रा स्टॉक ($एम_3$) का स्रोत

(बिलियन ₹)

स्रोत	मार्च 31 /माह के लिए नियत अंतिम शुक्रवार/ नियत शुक्रवार की स्थिति के अनुसार बकाया				
	2016-17	2016	2017		
		नवं. 25	अक्तू. 27	नवं. 10	नवं. 24
	1	2	3	4	5
1 सरकार को निवल बैंक ऋण	**38,566.1**	**40,376.3**	**40,415.1**	**40,976.9**	**40,136.6**
1.1 आरबीआई का सरकार को निवल ऋण (1.1.1-1.1.2)	6,208.1	6,092.6	4,922.8	4,996.8	4,474.1
1.1.1 सरकार पर दावे	7,512.0	7,584.4	6,711.0	6,615.3	6,603.4
1.1.1.1 केन्द्र सरकार	7,499.4	7,570.2	6,708.5	6,573.4	6,574.3
1.1.1.2 राज्य सरकारें	12.6	14.2	2.5	41.9	29.0
1.1.2 आरबीआई के पास सरकार की जमाराशियां	1,303.9	1,491.8	1,788.2	1,618.5	2,129.2
1.1.2.1 केन्द्र सरकार	1,303.5	1,491.3	1,787.8	1,618.1	2,128.8
1.1.2.2 राज्य सरकारें	0.4	0.4	0.4	0.4	0.4
1.2 सरकार को अन्य बैंक ऋण	32,358.0	34,283.7	35,492.3	35,980.1	35,662.5
2 वाणिज्यिक क्षेत्र को बैंक ऋण	**84,114.9**	**78,076.7**	**84,832.8**	**85,286.5**	**85,417.7**
2.1 आरबीआई का वाणिज्यिक क्षेत्र को ऋण	72.9	51.7	81.8	77.9	80.6
2.2 वाणिज्यिक क्षेत्र को अन्य बैंकों द्वारा दिया गया ऋण	84,042.0	78,025.1	84,751.0	85,208.6	85,337.1
2.2.1 वाणिज्यिक बैंकों द्वारा बैंक ऋण	78,414.7	72,617.5	79,121.7	79,581.1	79,621.2
2.2.2 सहकारी बैंकों द्वारा बैंक ऋण	5,548.9	5,359.6	5,540.8	5,541.1	5,609.1
2.2.3 वाणिज्यिक और सहकारी बैंकों द्वारा अन्य प्रतिभूतियों में निवेश	78.4	47.9	88.5	86.4	106.8
3 बैंकिंग क्षेत्र की निवल विदेशी मुद्रा आस्तियां (3.1 + 3.2)	**25,582.3**	**26,835.7**	**27,084.9**	**27,077.7**	**27,064.7**
3.1 आरबीआई की निवल विदेशी मुद्रा आस्तियां (3.1.1-3.1.2)	23,972.1	24,958.5	25,950.4	25,943.3	25,930.3
3.1.1 सकल विदेशी आस्तियां	23,974.1	24,960.5	25,952.4	25,945.3	25,932.2
3.1.2 विदेशी देयताएं	2.0	2.0	2.0	2.0	2.0
3.2 अन्य बैंकों की निवल विदेशी मुद्रा आस्तियां	1,610.2	1,877.3	1,134.5	1,134.5	1,134.5
4 जनता के प्रति सरकार की मुद्रा देयताएं	**250.9**	**241.8**	**254.8**	**254.8**	**254.8**
5 बैंकिंग क्षेत्र की निवल गैर-मौद्रिक देयताएं	**20,594.8**	**24,216.7**	**20,916.3**	**21,255.4**	**20,893.6**
5.1 आरबीआई की निवल गैर-मौद्रिक देयताएं	8,333.5	9,643.0	8,883.3	8,833.7	8,853.4
5.2 अन्य बैंकों की निवल गैर-मौद्रिक देयताएं (अवशिष्ट)	12,261.3	14,573.7	12,033.1	12,421.7	12,040.3
$एम_3$ (1+2+3+4-5)	**127,919.4**	**121,313.9**	**131,671.3**	**132,340.6**	**131,980.2**

सं. 8: मौद्रिक सर्वेक्षण

(बिलियन ₹)

मद	मार्च 31/माह के लिए नियत अंतिम शुक्रवार/ नियत शुक्रवार की स्थिति के अनुसार बकाया				
	2016-17	2016	2017		
		नवं. 25	अक्तू. 27	नवं. 10	नवं. 24
	1	2	3	4	5
मौद्रिक समुच्चय					
एन एम$_1$ (1.1 + 1.2.1+1.3)	26,819.6	21,031.2	28,342.4	28,316.9	28,396.8
एन एम$_2$ (एन एम$_1$ + 1.2.2.1)	71,695.2	65,326.2	74,223.4	74,506.2	74,382.9
एन एम$_3$ (एन एम$_2$ + 1.2.2.2 + 1.4 = 2.1 + 2.2 + 2.3 - 2.4 - 2.5)	129,706.3	122,736.5	133,531.5	134,157.3	133,785.1
1 घटक					
1.1 जनता के पास मुद्रा	12,641.2	8,962.6	15,481.8	15,720.5	15,809.9
1.2. निवासियों की कुल जमाराशियां	113,690.9	110,351.2	114,593.6	115,012.7	114,549.0
1.2.1 मांग जमाराशियां	13,967.4	11,917.8	12,635.7	12,369.9	12,357.7
1.2.2 निवासियों की सावधि जमाराशियां	99,723.5	98,433.3	101,957.9	102,642.8	102,191.3
1.2.2.1 अल्पावधि सावधि जमाराशियां	44,875.6	44,295.0	45,881.1	46,189.3	45,986.1
1.2.2.1.1 जमा प्रमाण-पत्र	1,570.6	1,720.6	1,300.8	1,273.6	1,273.8
1.2.2.2 दीर्घावधि सावधि जमाराशियां	54,847.9	54,138.3	56,076.8	56,453.5	56,205.2
1.3 भा.रि.बैं. के पास 'अन्य' जमाराशियां	210.9	150.8	224.8	226.5	229.2
1.4 वित्तीय संस्थाओं से मांग/सावधि निधीयन	3,163.2	3,272.0	3,231.2	3,197.6	3,196.9
2 स्रोत					
2.1 देशी ऋण	129,185.0	125,424.4	132,413.3	133,522.5	132,886.4
2.1.1 सरकार को निवल बैंक ऋण	38,566.1	40,376.3	40,415.1	40,976.9	40,136.6
2.1.1.1 सरकार को निवल भा.रि.बैं. ऋण	6,208.1	6,092.6	4,922.8	4,996.8	4,474.1
2.1.1.2 बैंकिंग प्रणाली द्वारा सरकार को ऋण	32,358.0	34,283.7	35,492.3	35,980.1	35,662.5
2.1.2 वाणिज्यिक क्षेत्र को बैंक ऋण	90,618.9	85,048.0	91,998.3	92,545.7	92,749.8
2.1.2.1 वाणिज्यिक क्षेत्र को भा.रि.बैंक ऋण	72.9	51.7	81.8	77.9	80.6
2.1.2.2 बैंकिंग प्रणाली द्वारा वाणिज्यिक क्षेत्र को ऋण	90,546.0	84,996.4	91,916.4	92,467.7	92,669.2
2.1.2.2.1 अन्य निवेश (गैर-एसएलआर प्रतिभूतियां)	6,462.5	6,864.0	7,094.4	7,180.7	7,250.5
2.2 जनता के प्रति सरकार की मुद्रा देयताएं	250.9	241.8	254.8	254.8	254.8
2.3 बैंकिंग क्षेत्र की निवल विदेशी मुद्रा आस्तियां	23,819.8	23,768.0	25,819.1	25,707.3	25,536.0
2.3.1 भा.रि.बैं. की निवल विदेशी मुद्रा आस्तियां	23,972.1	24,958.5	25,950.4	25,943.3	25,930.3
2.3.2 बैंकिंग प्रणाली की निवल विदेशी मुद्रा आस्तियां	–152.3	–1,190.5	–131.3	–236.0	–394.3
2.4 पूंजी खाता	18,195.5	19,177.8	19,784.0	19,754.1	19,739.5
2.5 अन्य मदें (निवल)	5,353.9	7,519.8	5,171.8	5,573.3	5,152.6

सं. 9: कुल चलनिधि राशियां

(बिलियन ₹)

समुच्चय	2016-17	2016	2017		
		नवं.	सितं.	अक्तू.	नवं.
	1	2	3	4	5
1 एन एम$_3$	**129,706.3**	**122,736.5**	**133,583.8**	**133,531.5**	**133,785.1**
2 डाकघर जमाराशियां	2,562.1	2,521.9	2,717.2	2,717.2	2,717.2
3 एल$_1$ (1 + 2)	**132,268.3**	**125,258.5**	**136,301.0**	**136,248.7**	**136,502.3**
4 वित्तीय संस्थाओं की देयताएं	29.3	29.3	29.3	29.3	29.3
4.1 सावधि मुद्रा उधार	26.6	26.6	26.6	26.6	26.6
4.2 जमा प्रमाण-पत्र	0.3	0.3	0.3	0.3	0.3
4.3 सावधि जमाराशियां	2.5	2.5	2.5	2.5	2.5
5 एल$_2$ (3 + 4)	**132,297.7**	**125,287.8**	**136,330.4**	**136,278.0**	**136,531.6**
6 गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के पास जनता की जमाराशियां	317.9	..	313.6	..	..
7 एल$_3$ (5 + 6)	**132,615.6**	..	**136,644.0**	..	..

सं. 10: भारतीय रिज़र्व बैंक सर्वेक्षण

(बिलियन ₹)

मद	मार्च 31/माह के लिए नियत अंतिम शुक्रवार/ नियत शुक्रवार की स्थिति के अनुसार बकाया				
	2016-17	2016	2017		
		नवं. 25	अक्तू. 27	नवं. 10	नवं. 24
	1	2	3	4	5
1 घटक					
1.1 संचलन में मुद्रा	13,352.7	11,884.2	16,346.8	16,535.7	16,599.3
1.2 भा.रि.बैं. के पास बैंकरों की जमाराशियां	5,441.3	4,455.4	4,677.5	4,678.7	4,680.6
1.2.1 अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक	5,087.7	4,172.9	4,370.6	4,367.4	4,365.9
1.3 भा.रि.बैं. के पास 'अन्य' जमाराशियां	210.9	150.8	224.8	226.5	229.2
आरक्षित मुद्रा (1.1+1.2+1.3=2.1+2.2+2.3-2.4-2.5)	19,004.8	16,490.4	21,249.0	21,440.9	21,509.1
2 स्रोत					
2.1 भा.रि.बैं.के देशी ऋण	3,115.3	933.1	3,927.1	4,076.5	4,177.4
2.1.1 सरकार को निवल भा.रि.बैं. ऋण	6,208.1	6,092.6	4,922.8	4,996.8	4,474.1
2.1.1.1 केन्द्र सरकार को निवल भा.रि.बैं. ऋण (2.1.1.1.1+2.1.1.1.2+2.1.1.1.3+2.1.1.1.4-2.1.1.1.5)	6,195.9	6,078.8	4,920.7	4,955.3	4,445.5
2.1.1.1.1 केन्द्र सरकार को ऋण और अग्रिम	–	–	–	–	–
2.1.1.1.2 खज़ाना बिलों में निवेश	–	–	–	–	–
2.1.1.1.3 दिनांकित सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश	7,494.9	7,564.5	6,700.5	6,565.5	6,566.7
2.1.1.1.3.1 केन्द्र सरकार की प्रतिभूतियां	7,494.9	7,554.1	6,700.5	6,565.5	6,566.7
2.1.1.1.4 रुपया सिक्के	4.5	5.6	8.0	7.9	7.7
2.1.1.1.5 केन्द्र सरकार की जमाराशियां	1,303.5	1,491.3	1,787.8	1,618.1	2,128.8
2.1.1.2 राज्य सरकारों को निवल भा.रि.बैं. ऋण	12.2	13.8	2.1	41.5	28.6
2.1.2 बैंकों पर भा.रि.बैं. के दावे	-3,165.7	-5,211.2	-1,077.6	-998.2	-377.3
2.1.2.1 अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों को ऋण और अग्रिम	-3,165.7	-5,211.2	-1,077.6	-998.2	-377.3
2.1.3 वाणिज्यिक क्षेत्र को भा.रि.बैं. के ऋण	72.9	51.7	81.8	77.9	80.6
2.1.3.1 प्राथमिक व्यापारियों को ऋण और अग्रिम	14.8	11.7	19.4	17.9	17.9
2.1.3.2 नाबार्ड को ऋण और अग्रिम	–	–	–	–	–
2.2 जनता के प्रति सरकार की मुद्रा देयताएं	250.9	241.8	254.8	254.8	254.8
2.3 भा.रि.बैं. की निवल विदेशी मुद्रा आस्तियां	23,972.1	24,958.5	25,950.4	25,943.3	25,930.3
2.3.1 सोना	1,288.3	1,367.9	1,388.2	1,338.7	1,338.7
2.3.2 विदेशी मुद्रा आस्तियां	22,684.0	23,590.7	24,562.4	24,604.8	24,591.7
2.4 पूंजी खाता	7,512.8	8,755.3	8,218.6	8,171.1	8,150.1
2.5 अन्य मदें (निवल)	820.6	887.7	664.6	662.5	703.2

सं. 11: आरक्षित मुद्रा - घटक और स्रोत

(बिलियन ₹)

मद	मार्च 31/माह के लिए नियत अंतिम शुक्रवार/नियत शुक्रवार की स्थिति के अनुसार बकाया						
	2016-17	2016	2017				
		नवं. 25	अक्तू. 27	नवं. 3	नवं. 10	नवं. 17	नवं. 24
	1	2	3	4	5	6	7
आरक्षित मुद्रा (1.1 + 1.2 + 1.3 = 2.1 + 2.2 + 2.3 + 2.4 + 2.5 - 2.6)	19,004.8	16,490.4	21,249.0	21,539.0	21,440.9	21,773.5	21,509.1
1 घटक							
1.1 संचलन में मुद्रा	13,352.7	11,884.2	16,346.8	16,384.9	16,535.7	16,587.7	16,599.3
1.2 भा.रि.बैं. के पास बैंकरों की जमाराशियां	5,441.3	4,455.4	4,677.5	4,926.5	4,678.7	4,958.8	4,680.6
1.3 भा.रि.बैं. के पास 'अन्य' जमाराशियां	210.9	150.8	224.8	227.6	226.5	227.0	229.2
2 स्रोत							
2.1 सरकार को निवल रिज़र्व बैंक ऋण	6,208.1	6,092.6	4,922.8	5,280.5	4,996.8	4,981.9	4,474.1
2.2 बैंकों को रिज़र्व बैंक ऋण	-3,165.7	-5,211.2	-1,077.6	-1,224.6	-998.2	-631.5	-377.3
2.3 वाणिज्यिक क्षेत्र को रिज़र्व बैंक ऋण	72.9	51.7	81.8	78.1	77.9	81.5	80.6
2.4 भा.रि.बैं. की निवल विदेशी मुद्रा आस्तियां	23,972.1	24,958.5	25,950.4	25,742.5	25,943.3	25,894.7	25,930.3
2.5 जनता के प्रति सरकार की मुद्रा देयताएं	250.9	241.8	254.8	254.8	254.8	254.8	254.8
2.6 भा.रि.बैं. की निवल गैर मौद्रिक देयताएं	8,333.5	9,643.0	8,883.3	8,592.4	8,833.7	8,808.1	8,853.4

सं. 12: वाणिज्यिक बैंक सर्वेक्षण

(बिलियन ₹)

मद	माह के नियत अंतिम शुक्रवार / माह के नियत शुक्रवार की स्थिति के अनुसार बकाया				
	2016-17	2016	2017		
		नवं. 25	अक्तू. 27	नवं. 10	नवं. 24
	1	2	3	4	5
1 घटक					
1.1 निवासियों की कुल जमाराशियां	106,200.3	102,997.3	107,126.4	107,489.3	107,068.9
1.1.1 मांग जमाराशियां	12,814.4	10,771.2	11,504.0	11,239.6	11,224.0
1.1.2 निवासियों की सावधि जमाराशियां	93,385.9	92,226.1	95,622.4	96,249.8	95,844.9
1.1.2.1 अल्पावधि सावधि जमाराशियां	42,023.6	41,501.8	43,030.1	43,312.4	43,130.2
1.1.2.1.1 जमा प्रमाण-पत्र	1,570.6	1,720.6	1,300.8	1,273.6	1,273.8
1.1.2.2 दीर्घावधि सावधि जमाराशियां	51,362.2	50,724.4	52,592.3	52,937.4	52,714.7
1.2 वित्तीय संस्थाओं से मांग/सावधि निधीयन	3,163.2	3,272.0	3,231.2	3,197.6	3,196.9
स्रोत					
2.1 देशी ऋण	115,141.3	111,843.1	119,625.6	120,659.9	120,470.6
2.1.1 सरकार को ऋण	30,297.5	32,319.9	33,406.8	33,889.3	33,565.9
2.1.2 वाणिज्यिक क्षेत्र को ऋण	84,843.8	79,523.2	86,218.9	86,770.7	86,904.7
2.1.2.1 बैंक ऋण	78,414.7	72,617.5	79,121.7	79,581.1	79,621.2
2.1.2.1.1 गैर-खाद्यान्न ऋण	77,875.4	71,699.7	78,499.5	78,898.7	78,877.4
2.1.2.2 प्राथमिक व्यापारियों को निवल ऋण	44.2	109.9	73.6	81.0	84.3
2.1.2.3 अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में निवेश	12.2	21.3	18.7	17.5	38.4
2.1.2.4 अन्य निवेश (गैर-एसएलआर प्रतिभूतियों में)	6,372.9	6,774.4	7,004.8	7,091.1	7,160.9
2.2 वाणिज्यिक बैंकों की निवल विदेशी मुद्रा आस्तियां (2.2.1-2.2.2-2.2.3)	–152.3	–1,190.5	–131.3	–236.0	–394.3
2.2.1 विदेशी मुद्रा आस्तियां	1,983.5	1,839.2	2,075.0	1,969.8	1,855.7
2.2.2 अनिवासी विदेशी मुद्रा प्रत्यावर्तनीय मीयादी जमाराशियां	1,376.3	1,849.3	1,371.0	1,380.9	1,392.1
2.2.3 समुद्रपार विदेशी मुद्रा उधार	759.5	1,180.4	835.3	824.9	857.9
2.3 निवल बैंक रिज़र्व (2.3.1+2.3.2-2.3.3)	8,867.0	12,046.8	6,211.8	6,081.6	5,433.8
2.3.1 भा.रि.बैं. के पास शेष	5,087.7	4,172.9	4,370.6	4,367.4	4,365.9
2.3.2 उपलब्ध नकदी	613.6	2,662.7	763.6	716.0	690.6
2.3.3 भा.रि.बैं. से ऋण और अग्रिम	–3,165.7	–5,211.2	–1,077.6	–998.2	–377.3
2.4 पूंजी खाता	10,441.0	10,180.8	11,323.7	11,341.3	11,347.7
2.5 अन्य मदें (निवल) (2.1+2.2+2.3-2.4-1.1-1.2)	4,051.6	6,249.3	4,024.8	4,477.3	3,896.6
2.5.1 अन्य मांग और मीयादी देयताएं (2.2.3 का निवल)	3,877.6	3,779.1	3,850.8	3,939.8	3,911.7
2.5.2 निवल अंतर-बैंक देयताएं (प्राथमिक व्यापारियों से इतर)	–62.4	–137.0	–491.7	–475.5	–430.4

सं. 13: अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के निवेश

(बिलियन ₹)

मद	मार्च 31, 2017 की स्थिति	2016	2017		
		नवं. 25	अक्तू. 27	नवं. 10	नवं. 24
	1	2	3	4	5
1 एसएलआर प्रतिभूतियां	30,309.6	32,341.2	33,302.5	33,906.7	33,604.4
2 वाणिज्यिक पत्र	1,159.6	1,197.7	1,087.3	1,030.9	1,055.6
3 निम्नलिखित द्वारा जारी शेयर					
3.1 सरकारी उद्यम	91.9	77.8	112.8	109.2	113.4
3.2 निजी कारपोरेट क्षेत्र	567.3	489.1	696.8	692.3	718.3
3.3 अन्य	51.8	43.6	43.0	64.7	42.2
4 निम्नलिखित द्वारा जारी बांड / डिबेंचर					
4.1 सरकारी उद्यम	1,118.5	1,101.0	1,121.0	1,055.9	1,054.7
4.2 निजी कारपोरेट क्षेत्र	1,680.0	1,519.0	1,828.7	1,897.1	1,888.7
4.3 अन्य	810.9	779.2	659.0	658.1	659.8
5 निम्नलिखित द्वारा जारी लिखत					
5.1 म्यूचुअल फंड	134.0	914.7	838.8	845.1	868.6
5.2 वित्तीय संस्थाएं	844.3	723.5	740.6	737.8	759.5

सं. 14: भारत में कारोबार - सभी अनुसूचित बैंक और सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक

(बिलियन ₹)

मद	नियत अंतिम शुक्रवार (मार्च के संबंध में) /नियत शुक्रवार की स्थिति							
	सभी अनुसूचित बैंक				सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक			
	2016-17	2016	2017		2016-17	2016	2017	
		नवं.	अक्तू.	नवं.		नवं.	अक्तू.	नवं.
	1	2	3	4	5	6	7	8
सूचना देने वाले बैंकों की संख्या	221	219	222	222	150	148	148	148
1 बैंकिंग प्रणाली के प्रति देयताएं	**2,397.7**	**2,505.4**	**2,180.0**	**2,206.9**	**2,330.7**	**2,434.4**	**2,128.4**	**2,155.5**
